

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार, 17 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 42 ■ अंक-139 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अगस्त 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.taruncchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत में रह रहीं शेख हसीना के साथ बांग्लादेश में क्या होगा पीएम के करीबी ने बताया

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** भारत में रह रहीं बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना मुल्क वापसी की तैयारी कर रहीं हैं। उन्होंने



दिसंबर में वापस लौटने का फैसला किया है। अब पीएम तारिक रहमान के सलाहकार ने बताया है कि हसीना को वतन वापसी पर पूरी सुरक्षा दी जाएगी। बीते साल हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी। वह ढाका छोड़ने के बाद से ही भारत में शरण लिए हुए हैं। पीएम के संचार सलाहकार जाहिद उर रहमान ने मंगलवार को बताया था कि हसीना को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। साथ ही कहा था कि उनपर मुकदमा चलाया जाएगा और सभी कानूनी अधिकारों को सुनिश्चित किया जाएगा। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब बांग्लादेश लगातार भारत से हसीना को प्रत्यर्पित करने की मांग कर रहा है। हाल ही में दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर खासा बवाल हुआ था। जाहिद ने कहा था, 'हसीना ने दिसंबर में वतन लौटने की बात कही है। अगर वह लौटती हैं, तो उन्हें पूरी सुरक्षा दी जाएगी। साथ ही उनके सभी कानूनी और संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित किया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'जो भी फैसला कोर्ट देगा, उसे सभी को स्वीकार करना होगा।'

### शहजाद पूनावाला का भाजपा से इस्तीफा

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे का ऐलान करते हुए लेटर



जारी कर पार्टी छोड़ने की जानकारी दी है. उन्होंने बीजेपी के अध्यक्ष नितिन नबीन को भेजे पत्र में पार्टी छोड़ने की जानकारी दी. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे शहजाद पूनावाला ने 30 जुलाई को दिए अपने इस्तीफे के प्रस्ताव के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद और सक्रिय प्राथमिक सदस्यता से अलग होने का अंतिम निर्णय लिया है. शहजाद पूनावाला ने बीजेपी से इस्तीफा देते हुए कहा कि मैं पार्टी की व्यवस्था छोड़ रहा हूं, परंतु विचार और व्यक्ति नहीं. उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से अपना इस्तीफा स्वीकार करने की अपील भी की है. शहजाद पूनावाला ने सोमवार को अपना रिजाइन लेटर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'कृपया मेरा दिनांक 30 जुलाई 2026 का पत्र, जिसमें मैंने आर्थिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण भाजपा के सभी पदों तथा प्राथमिक सदस्यता से बिना किसी शर्त के त्यागपत्र देने की पेशकश की थी जिसे पार्टी ने अस्वीकार करते हुए मुझसे पुनर्विचार करने का अनुरोध किया'.

### एयर इंडिया के दो पायलट नॉन-नेगेटिव पाए गए



**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** फुकेत-दिल्ली फ्लाइट की घटना के बाद एयर इंडिया के 350 पायलटों की ड्रग स्क्रीनिंग में दो अन्य पायलट साइकोएक्टिव पदार्थों के लिए 'नॉन-नेगेटिव' पाए गए हैं। यह परिणाम आगे की जांच और मूल्यांकन की आवश्यकता को दर्शाता है, जिससे एयरलाइन की बढ़ी हुई विमानन सुरक्षा चिंताओं के बीच यात्रियों का भरोसा बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि एयरलाइन ग्रुप द्वारा पिछले हफ्ते 100 प्रतिशत टेस्टिंग प्रोग्राम की घोषणा के बाद, लगभग 350 पायलटों की ड्रग स्क्रीनिंग की गई, जिसमें दो एयर इंडिया पायलट साइकोएक्टिव पदार्थों (नशीले पदार्थों) के लिए 'नॉन-नेगेटिव' पाए गए। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने फुकेत से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान से जुड़ी घटना के बाद अपने सभी पायलटों के लिए साइकोएक्टिव पदार्थों की अनिवार्य जांच शुरू की थी। उड़ान के कमांडर की शुरुआती जांच और बाद में हुई पुष्टि वाली जांच, दोनों में ही मारिजुआना का टेस्ट पॉजिटिव आया था।

जलाभिषेक



रायपुर, 17 अगस्त। सावन माह के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया।

## कॉकरोच के बाद अब मैदान में 'दिमागी नक्सल पार्टी'

### प्रधानमंत्री मोदी के तंज के बाद हुआ गठन, लाखों लोग जुड़े

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** कॉकरोच जनता पार्टी के बाद मैदान में एक नई पार्टी आ गई है। उसका नाम है 'दिमागी नक्सल पार्टी'। अब तक इससे लाखों लोग जुड़ चुके हैं। दरअसल, 80वें स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त के मौके पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया था। अब उसी शब्द ने देश के राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल पैदा कर दी है। इस भाषण के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'Dimagi Na&al Party' (@dimagina&alparty) नाम से एक नया पेज उभर कर सामने आया, जिसने मात्र 24 घंटों में 1 लाख से अधिक और दो दिनों के अंदर 1.8 लाख से अधिक फॉलोअर्स हासिल कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

हालांकि, यह कोई आधिकारिक या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री के भाषण के तंज से जन्मी एक सोशल मीडिया पहल है। पार्टी का ङ्ग (ट्विटर) पर भी दिमागी नक्सल जनता पार्टी नाम से एक अकाउंट है, जिसके 7 हज़ार से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम और ङ्ग पर



पार्टी के बायो के अनुसार, इसका मोटो है सोचो। रिसर्च करो। विरोध करो। इंस्टाग्राम बायो में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक एक दिमागी भारतीय हैं, जबकि सह-संस्थापक 56 इंच वाले व्यक्ति हैं। इन्स्टाग्राम पेज के पोस्ट्स के अनुसार, पार्टी खुद को स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की विचारधारा का अनुयायी बताती है। एक पोस्ट लिखा गया है, हम भगत सिंह के अनुयायी हैं... अगर वे हमारे अकाउंट्स को सस्पेंड करने या हमें देशद्रोही घोषित करने की कोशिश करते हैं, तो जान लें कि वे भगत सिंह का अपमान कर रहे हैं। हालांकि यह पता नहीं है कि इसे किसने बनाया है और इंस्टाग्राम अकाउंट कब बनाया गया था, लेकिन पार्टी का X अकाउंट अगस्त 2026 में बनाया गया था।

## जर्जर भवन और शिक्षकों का टोटा, सड़कों पर उतरे छात्र

### स्कूल शिक्षकों की कमी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**धमतरी, 17 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में जर्जर भवनों, शिक्षकों की कमी और शौचालयों के अभाव से परेशान होकर 'जेन-अल्फा' छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। कई जिलों में तालाबंदी और प्रदर्शन जारी हैं।

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों की हालत बेहद खराब है। भवनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अब अभिभावकों के साथ बच्चे भी सड़कों पर हैं। पिछले डेढ़ महीने से लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। रायगढ़, महासमुंद और बालोद में प्रदर्शन हुए हैं। धमतरी और कोंडागांव में भी छात्रों ने आवाज उठाई।

विद्यार्थियों का विरोध अब केवल स्कूल तक सीमित नहीं है। छात्रों ने कई जगह स्कूलों के गेट पर ताले लगा दिए। कुछ जिलों में प्रशासनिक कार्यालयों तक मार्च निकाला गया। धमधा के खैरझिटी में प्राथमिक स्कूल तीन साल से जर्जर है। वहां बच्चे पंचायत भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। छात्रों ने बीईओ दफ्तर तक तिरंगा मार्च निकाला। मांगे पूरी न होने पर पेड़ के नीचे पढ़ने की चेतावनी दी।

जगहारी के स्कूल में दो शिक्षकों का तबादला कर दिया गया। इससे 150 विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ा। गणित, विज्ञान और अर्थशास्त्र की कक्षाएं बंद हो गईं। छात्रों ने अस्थायी व्यवस्था को मानने से मना कर दिया। उन्होंने स्थायी शिक्षकों की मांग करते हुए ताला जड़ दिया। प्रदेश में 1800 से अधिक स्कूल ऐसे हैं। इन सभी स्कूलों में पढ़ाई की जिम्मेदारी एक शिक्षक पर है। विषयवार शिक्षक न होने से पढ़ाई का स्तर गिर रहा है।

शिक्षकों के अलावा बुनियादी सुविधाओं का भी संकट है। प्रदेश के 5500 से ज्यादा स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय नहीं हैं। लगभग 7260 स्कूलों में लड़कों के लिए शौचालय नहीं बने हैं। कुल 54 हजार 715 में से 52 हजार 545 छात्राओं वाले शौचालय ही इस्तेमाल योग्य हैं। छात्रों के लिए 53 हजार 142 में से 49 हजार 355 शौचालय ही चालू हालत में हैं। गंदे शौचालयों के कारण बच्चों में संक्रमण का खतरा रहता है। सुविधाओं की कमी से छात्राओं का नामांकन भी कम हुआ है। साल 2014-15 में नामांकन का आंकड़ा 106.61 प्रतिशत था। साल 2024-25 में यह घटकर 89.9 प्रतिशत पर आ गया।

#### समझें क्या है पूरा मामला

- छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है।
- शिक्षकों के अभाव से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है।
- परेशान होकर अब जेन अल्फा छात्रों ने खुद प्रदर्शन शुरू किया है।
- राज्य के कई जिलों में तालाबंदी और मार्च की घटनाएं दिखी हैं।
- हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी इस बदहाली पर चिंता जता चुके हैं।

#### अदालत की टिप्पणी और विशेषज्ञों की राय

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट इस स्थिति पर चिंता जता चुके हैं। अदालतों ने कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना भी लगाया। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों का यह कदम अनुशासनहीनता नहीं है। डिजिटल दुनिया और इंटरनेट ने बच्चों को जागरूक बनाया है। वे अब अपने अधिकारों के प्रति बहुत सजग हैं। रविवि रायपुर की प्रो. रोली तिवारी के अनुसार यह मनोवैज्ञानिक बदलाव है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विरोध को दबाना सही रास्ता नहीं है। प्रशासन और अभिभावकों को संवाद के जरिए हल निकालना चाहिए।

### भरी बरसात में छात्र-पालक ने स्कूल में ताला जड़कर किया प्रदर्शन

#### शिक्षकों की नियुक्ति की मांग, युक्तियुक्तकरण पर उठाए सवाल



**बालोद, 17 अगस्त।** शिक्षकों की नियुक्ति की मांग के साथ-साथ युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को मर्ज किए जाने पर छात्रों के साथ पालकों का गुस्सा फूटने लगा है. सप्ताह के पहले दिन सोमवार को दो अलग-अलग जिलों से स्कूलों में ताला जड़ने की खबरें है. धमतरी जिले के बारना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के साथ पालकों ने तेज बारिश में शिक्षकों की मांग को लेकर ताला जड़ दिया है. लंबे समय से शिक्षक की मांग कर रहे ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षकों की नियुक्ति तक स्कूल में ताला लगा रहेगा. वहीं दूसरी ओर बालोद जिले में भी शासकीय नवीन प्राथमिक शाला शिकारीटोला क्रमांक 2 में पालकों ने आज ताला जड़ दिया. पालकों ने स्कूल को युक्तियुक्तकरण के तहत माध्यमिक विद्यालय करियाटोला में मर्ज करने को त्रुटिपूर्ण बताते हुए अधिकारियों पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया. नाराज ग्रामीणों को मनाने के लिए मौके पर तहसीलदार देवेन्द्र नेताम और पुलिस कर्मी पहुंचे हैं.

### दोस्तों से लगाई शर्त और कूद गया बांगो डैम में, 24 घंटे बाद भी नहीं मिला युवक

**कटघोरा, 17 अगस्त।** कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो बांध में छलांग लगाने वाले 24 वर्षीय युवक रंजीत यादव का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है. वह दोस्तों के साथ घूमने के लिए बांगो डैम आया था. बताया जा रहा है कि बीच डैम में छलांग लगाकर आगे निकलने की शर्त लगी थी, जिसके बाद रंजीत ने बांध में छलांग लगा दी. घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना के बाद पुलिस और जिला नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचकर सर्चिंग शुरू की. शाम तक खोजबीन करने के बावजूद युवक को कुछ पता नहीं चला. पानी के तेज बहाव और अंधेरे के कारण रेस्क्यू अभियान चलाना संभव नहीं होने पर रोक दिया गया. इसके बाद सोमवार को सुबह एनडीआरएफ टीम बुलाकर युवक की तलाश शुरू की गई है. युवक की तलाश तेज करने के साथ ही बांगो बांध का गेट नंबर-2 खोला गया. अब तक बांध के 9 गेट खोले जा चुके हैं, जिसके चलते नदी-नाले उफान पर हैं. कोरिया और सूरजपुर जिले में हुई भारी बारिश के कारण बांध का जलस्तर 94 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है. टरबाइन समेत कुल 41,080 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है और तटीय बस्तियों में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया गया है। कोरबा के सीतामढ़ी में हरदेव नदी किनारे बसे करीब 10 घरों में पानी घुस गया है। प्रभावित लोग घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं.

» एनडीआरएफ चला रही रेस्क्यू अभियान

सुको से राहुल गांधी को बड़ी राहत

## आय से अधिक संपत्ति मामले में हाई कोर्ट की सुनवाई रोकी

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की सुनवाई पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई और ईडी को भी हाई कोर्ट के सामने रिपोर्ट पेश न करने का निर्देश दिया, इस मामले की गहराई से जांच करने का संकेत दिया है। कोर्ट ने कहा कि वह जांच एजेंसियों के काम करने के तरीके पर सवाल उठाने वाले



हाई कोर्ट के निर्देशों की समीक्षा करेगा, साथ ही प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में कार्यवाही आगे न बढ़ाए। सुप्रीम कोर्ट ने CBI और एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) को यह भी निर्देश दिया कि वे लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के खिलाफ मामले के संबंध में हाई कोर्ट के सामने कोई रिपोर्ट पेश न करें। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने गांधी की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिबल की दलीलों पर गौर किया और कर्नाटक के रहने वाले एस. विग्नेश शिशिर (जिन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया था) के साथ-साथ CBI और ED को भी नोटिस जारी किए। यह बेंच इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### तीन करोड़ के गबन की जांच में 5वीं वाहिनी का एक और प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**जगदलपुर, 17 अगस्त।** जगदलपुर की 5वीं वाहिनी सशस्त्र बल की कर्मचारी कल्याण साख समिति में करीब 3 करोड़ रुपये के गबन के मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले में अब पुलिस ने एक और प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। पहले समिति के अध्यक्ष शिवकांत तिवारी की गिरफ्तारी हुई थी, और अब उनके सहायक रहे प्रधान आरक्षक संजय चौहान को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मामला कंगोली स्थित 5वीं वाहिनी की कर्मचारी कल्याण साख समिति से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2021 के बीच लोन खातों और जमा राशि में हेराफेरी की गई और इसके लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। शिकायत के आधार पर परपा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान समिति के अध्यक्ष और प्रधान आरक्षक शिवकांत तिवारी को संदिग्ध पाए जाने पर 29 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अब वित्तीय कामकाज से जुड़े उनके सहायक प्रधान आरक्षक संजय चौहान की भूमिका भी जांच के घेरे में आई।

हरसिमरत कौर ने गृहमंत्री शाह को लिखा पत्र

## सुखबीर बादल पर हमले की एनआईए से हाई-लेवल जांच की मांग की

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** शिरोमणि अकाली दल सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सुखबीर सिंह बादल पर हुए दो जानलेवा हमलों की एनआईए जांच की मांग की है। उन्होंने नांदेड़ में 13 अगस्त को हुए हमले और दिसंबर 2024 में गोल्डन टेम्पल में जान लेने की कोशिश, दोनों के बीच संभावित बड़ी साजिश और संबंध की गहन पड़ताल का आग्रह किया है, जो पंजाब में राजनीतिक हिंसा पर गंभीर चिंताएं उठाता है। शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने रविवार (16 अगस्त) को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर NIA से जांच की मांग की। यह मांग 13 अगस्त को महाराष्ट्र के नांदेड़ में श्री हजूर साहिब गुरुद्वारे में SAD अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले और दिसंबर 2024 में गोल्डन



टेंपल में उनकी हत्या की कोशिश के मामले में की गई है। सुखबीर बादल की पत्नी हरसिमरत कौर ने अपने पत्र में महाराष्ट्र के नांदेड़ में 13 अगस्त की घटना को हत्या की एक कायराना और घिनौनी कोशिश बताया। उन्होंने घटना की गंभीरता, उसके तरीके और हालात का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को सौंपने की अपील की। ष्ठ सांसद ने केंद्र से 13 अगस्त को हुए हमले और 4 दिसंबर, 2024 को अमृतसर के गोल्डन टेम्पल में सुखबीर बादल की जान लेने की पिछली कोशिश, दोनों की हाई-लेवल जांच का आदेश देने की मांग की।

## छत्तीसगढ़ में नकली पनीर फैक्ट्री पर छापा, प्रशासन ने किया सील

**महासमुंद, 17 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में नकली पनीर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। महासमुंद कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने भलेसर रोड स्थित वैद्या फूड प्रोडक्ट में छापेमारी की। करीब 3 एकड़ में फैली फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में तैयार एनालॉग पनीर मिला है। एडीएम के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने पनीर और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए। जांच के लिए सैंपल भेजने के साथ ही फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रशासन अब फैक्ट्री की उत्पादन प्रक्रिया और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रहा है। यह कार्रवाई प्रदेश में मिलावटी और अमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा मानी जा रही है। महासमुंद में हुई इस कार्रवाई के लिए प्रशासन की विशेष टीम गठित की गई थी।



एडीएम के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम भलेसर रोड स्थित फैक्ट्री पहुंची और पूरे परिसर की जांच की। टीम ने फैक्ट्री में तैयार पनीर समेत अन्य सामग्री की जांच की और जरूरी नमूने लिए। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री परिसर में हजारों किलो तैयार एनालॉग पनीर मिलने की बात सामने आई है।

## नेपाल में आर्मी चीफ सेठ के दस्तक से दक्षिण एशिया में खलबली

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** हिमालय में चीन की बढ़ती चालों के बीच भारत ने नेपाल में अपनी मौजूदगी का सबसे प्रबल संकेत देकर बीजिंग के होश उड़ा दिये हैं। काठमांडू में आज भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ की जोरदार दस्तक से पूरे दक्षिण एशिया में खलबली मचने की खबर दर्शा रही है कि नई दिल्ली और काठमांडू के संबंध दुनिया के लिए क्या मायने रखते हैं। साथ ही भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ की पहली नेपाल यात्रा ने बीजिंग को यह संदेश दे दिया है कि नेपाल में भारत के हित महज कूटनीतिक नहीं हैं, बल्कि दशकों पुराने सैन्य और संस्थागत रिश्तों पर टिके हैं। नेपाली सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर और टुंडीखेल में पुष्पांजलि से लेकर शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत तक, जनरल सेठ का दौरा भारत-नेपाल की उस गहरी सैन्य साझेदारी को सामने लाता है, जिसे चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच नजरअंदाज करना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा।



हम आपको बता दें कि इस दौरे के दौरान जनरल सेठ नेपाली सेना प्रमुख से सीधी बातचीत करेंगे और सैन्य संचालन से जुड़े शीर्ष अधिकारी से साझा रणनीतिक हितों पर विस्तृत जानकारी लेंगे। इसके बाद नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल उन्हें नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि देंगे। उल्लेखनीय है कि 1950 से चली आ रही यह अनोखी परंपरा भारत-नेपाल सैन्य रिश्ते की गहराई का प्रतीक है। इसका संदेश सीधा है कि दिल्ली और काठमांडू के बीच सैन्य भरोसा दशकों पुराना रिश्ता है। और हिमालय में चीन के बढ़ते दखल के बीच इस रिश्ते का मजबूत होना बीजिंग के लिए निश्चित तौर पर अच्छी खबर नहीं है।

बता दें कि 18 अगस्त को जनरल धीरज सेठ शिवपुरी स्थित आर्मी कमांड एंड स्टाफ कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे और प्रशिक्षकों तथा विदेशी अधिकारी-प्रशिक्षुओं से संवाद करेंगे। वह नेपाली वरिष्ठ नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय विषयों पर चर्चा करेंगे। 19 अगस्त को पोखरा में पूर्व सैनिक रैली में शामिल होकर वह वीर नारियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगे तथा भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों से मुलाकात करेंगे। यानी यह दौरा सिर्फ शीर्ष सैन्य नेतृत्व तक सीमित नहीं, बल्कि सैन्य शिक्षा, पूर्व सैनिक संबंधों और संस्थागत संपर्कों तक फैला हुआ है।

### अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किमी की कांवड़ यात्रा पूर्ण

# अंतिम दिन विधायक व कांवड़ियों ने किया भोरमदेव में जलाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 17 अगस्त।** पैरों में माहुर रंग, एक हाथ में राष्ट्र ध्वज तिरंगा और दूसरे हाथ में कांवड़ के साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा और 600 कांवड़ियों ने यात्रा के अंतिम दिन बाबा भोरमदेव के जलाभिषेक के लिए प्रस्थान किया। इसके साथ ही 16 अगस्त को अपने अंतिम पड़ाव के लिए बोड़ला से निकली यह यात्रा भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा पूर्ण हुई। 10 अगस्त को माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से शुरू हुई इस यात्रा में संस्कृति के साथ-साथ आस्था, श्रद्धा, राष्ट्रप्रेम और सनातन संस्कृति के अद्भुत संगम का साक्षी बना भोरमदेव धाम, जहां पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा मंदिर से प्रारंभ हुई 151 किलोमीटर की ऐतिहासिक कांवड़ पदयात्रा का आज भव्य एवं भावपूर्ण समापन हुआ। विधायक भावना बोहरा एवं 600 कांवड़ यात्रियों ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ भोरमदेव मंदिर पहुंचकर माँ नर्मदा के जल से जलाभिषेक किया। इस दौरान विगत वर्ष से भी अधिक भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली। हजारों की संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का मंदिर में कांवड़ यात्रा के स्वागत एवं भोलेनाथ के दर्शन हेतु आगमन हुआ। इतनी विशाल संख्या में उमड़े जनसैलाब से पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में रम गया और हर हर महादेव एवं बोल बम के नारे से पूरा कबीरधाम जिला भक्तिमय हो उठा।कांवड़ यात्रियों के भोरमदेव पहुंचते ही पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव, बोल बम और भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर उमड़े जनसैलाब ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और भोरमदेव की धरती आस्था एवं राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आई। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से भगवान भोरमदेव तक की इस 151 किलोमीटर की पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने कठिन वनांचल मार्गों, पहाड़ी रास्तों, नदियों, तेज बारिश और अनेक चुनौतियों के बीच भी अपनी आस्था और संकल्प को कमजोर नहीं होने दिया। यात्रा के दौरान प्रकृति के बीच से गुजरते हुए कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण करते हुए निरंतर पदयात्रा जारी रखी। पैरों में पड़े छालों और थकान के बावजूद श्रद्धालुओं के कदम रुके नहीं, बल्कि हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उनका उत्साह लगातार बढ़ता गया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह यात्रा मेरे लिए केवल 151 किलोमीटर की पदयात्रा नहीं, बल्कि माँ नर्मदा और भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था, सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति गौरव की अनुभूति का आध्यात्मिक संकल्प था। प्रत्येक परिवार के मंगल की कामना भगवान भोलेनाथ से की गई है। भोरमदेव में कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब इस यात्रा की भव्यता का साक्षी बना। जगह-जगह पुष्पवर्षा, जयघोष और श्रद्धालुओं के स्वागत से वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक भावना बोहरा एवं सभी कांवड़ यात्रियों ने भगवान भोरमदेव से प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की।

## एक नजर

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने किया ध्वजारोहण

**कवर्धा, 17 अगस्त (तछसं.)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम में कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने किया ध्वजारोहण और सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। एसडीओ गोपाल ठाकुर, बड़े बाबू पी डी जांगड़े, रूप कुमारी शर्मा, राजेंद्र त्रिवेदी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।



### बिजली वायर चोरी, युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 17 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई पुरानी भिलाई टीआई विजय यादव ने बताया कि दुर्ग सहायक अभियंता प्रकाश कुमार मरकाम ने शिकायत की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में एफ-01 से एफ-21 तक शेड निर्मित हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए शिफ्टवार सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं शेड के अंदर विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली वायर बिछाया गया था। शेड एफ-01 के शटर का ताला टूटा हुआ है अंदर लगा विद्युत बोर्ड एवं बिजली वायर गायब है। मौके पर जांच करने पर लगभग 350 मीटर बिजली वायर, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30,000 है रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई आरोपी रवि राव उर्फ विठ्ठल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न रंगों में कई टुकड़ों में कटा हुआ बिजली वायर, प्लास्टिक का मुखौटा एवं वायर काटने का कटर बरामद किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 अगस्त।** भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 15 अगस्त 2026 को प्रातः 8.00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव (भा.पु.से.) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई।ध्वजारोहण से पहले उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत 'वंदे मातरम्' गीत का सामूहिक गायन किया गया, तथा ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान गाया गया।इसके उपरांत शहीद आरक्षक श्री झल्लू प्रसाद नेवले जी के सुपुत्र श्री जितेन्द्र नेवले एवं बहु श्रीमती पूनम नेवले एवं शहीद आरक्षक श्री धनसिंह मेरावी जी की सुपुत्री सुश्री संगीता मेरावी, सुपुत्री, सुश्री सविता मेरावी का श्रीफल, शाल एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शहीद परिवारों के त्याग, समर्पण एवं राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री आशिष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक श्री संजय ध्रुव, रक्षित निरीक्षण श्री पुष्पेन्द्र सिंह, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा कबीरधाम पुलिस के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, जवानों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने सभी से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

# लोक निर्माण विभागीय संभागीय कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कवर्धा लोक निर्माण विभाग संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण मे मनाया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रणजीत अशोक घाटगे, अनुविभागीय अधिकारी यू. पी. जोशी सहित विभागीय कर्मचारियो की उपस्थिति रही। लोक निर्माण विभाग परिसर संभागीय कार्यालय में रणजीत अशोक घाटगे जी कार्यपालन अभियंता एवं उपसंभागीय कार्यालय में यूपी जोशी जी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद, उपअभियंता श्री एल.आर. छतरे, श्रीमती स्मिता वर्मा, कु. अलका डड़सेना, मानचित्रकार पवन कुमार ठाकुर,




सभी कर्मचारियो ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों का उत्साहपूर्वक जयघोष किया।

# 20वां भुइयां सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के पांच लोककला साधक सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अगस्त।** युवा कुर्मी मित्र मंडल के भुइयां सम्मान का 20वां आयोजन कुर्मी भवन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष विजय बघेल थे। अतिविशिष्ट अतिथि सुश्री मोना सेन, अध्यक्ष, फिल्म विकास निगम रहीं। विशेष अतिथि के रूप में चंदैनी गोंदा के प्रथम उद्घोषक डॉ. सुरेश देशमुख उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अजय चंद्राकर ने की। संस्था के अध्यक्ष अजय चंद्राकर ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के कलाकारों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी दशा और दिशा में सुधार के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता बताई। सुश्री मोना सेन ने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों एवं आगामी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुरेश देशमुख ने चंदैनी गोंदा के स्थापना काल, उसके उद्देश्यों तथा रंगमंचीय कार्यशैली पर प्रकाश डाला। इस वर्ष भुइयां सम्मान से सीताराम, भीखम धर्माकर, डॉ. शैलजा ठाकुर, दुष्यंत हरमुख एवं श्रीमती मीना साहू को सम्मानित किया गया। रंग झरोखा की ओर से दुष्यंत हरमुख, रिंकी देवांगन एवं योगिता मढ़रिया की टीम ने प्रस्तुति दी। सुप्रसिद्ध लोक गायिकाओं रजनी रजक, विनिता ढीमर, रमा दत्त जोशी बहनों, भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्री, सावित्री कहार तथा पंडवानी गायिका मीना साहू एवं उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुतियां दी। संचालन योगेन्द्र वर्मा एवं डॉ. राजेन्द्र हरमुख ने किया। कलाकारों का परिचय वाचन डॉ. कुसुमांजलि देशमुख, डॉ. आरती वर्मा, श्रीमती ज्योति चंद्रा, डॉ. उमा आडिल एवं डॉ. सितेश्वरी चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन यादराम चंद्रा ने किया। इस अवसर पर हरि सेन, शैलेश साव, श्रीमती अनुराग ठाकुर, श्रीमती रजनी रजक, भारत भूषण परगनिहा, लताऋषि चंद्राकर, डॉ. डी.पी. देशमुख, मोरध्वज चंद्राकर, जागेश्वरी मेश्राम, संतोष पाटनवार, श्रीमती अनिता वर्मा, रीना देशमुख, सरिता मुरारी चंद्राकर, सरोज चंद्रा सहित संस्था के सचिव विजय वर्मा, यादराम चंद्रा, कृतराम मढ़रिया, कमलेश वर्मा, पवन चंद्राकर, पुष्पकराज देशमुख, जे.पी. देशमुख, गजेन्द्र चंद्राकर, दीनानाथ सिंगसार्वा, चुरामन दिल्लीवार, भगवतीचरण मढ़रिया, रूपा वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, डाकेश्वर परगनिहा, गोपालकृष्ण वर्मा, प्रेमलाल पिपरिया, राजेश कौशिक, बरसाती चंद्रा, दिनेश वर्मा, राजेश वर्मा, सुधीर खिचरिया, विजेंद्र वर्मा, महेश चंद्राकर, युगल किशोर चंद्राकर, कुलेश्वर चंद्राकर, दिलीप देशमुख, रूपेन्द्र वर्मा, दौलत चंद्राकर, सतीश वर्मा सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं लोककला और साहित्य से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रथम बटालियन में आयोजित समारोह में दुर्ग पुलिस के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले 47 अधिकारी-कमर्चारियों को सम्मानित किया गया उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की सम्मान समारोह में पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे पुलिसकर्मियों के योगदान में वर्ष 2025 की आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य, खेल गतिविधियों में पुलिस विभाग एवं जिले का रोशन करना, न्यायालयीन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण तथा लंबित मामलों की विवेचना शामिल रही।

### युवक मोबाइल छीन कर फरार

**भिलाई, 17 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई सुपेला टीआई एसएन सिंह ने बताया कि घटना धमधा नाका दुर्ग के पास चश्मे की दुकान लगाने वाले सिद्धार्थ खोब्रागड़े खाना खाने के बाद कैम्प-01 स्थित अपने घर से टहलने निकले थे वे चंद्रा मौर्या तिराहा के समीप सर्विस रोड पर ओम साईं राम बंगले के पास पहुंचे थे इसी दौरान एक व्यक्ति उनके पास आया और गला दबाने का प्रयास किया प्रार्थी ने विरोध किया तो आरोपी ने उनके हाथ से मोबाइल फोन बलपूर्वक छीन लिया और मौके से फरार हो गया 13 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति बीएम शाह अस्पताल के पास रामनगर मार्केट में मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध को हिरासत में लिया पूछताछ में उसने अपना नाम अर्जुन नेताम (30 साल) निवासी कैम्प-01 बताया। पूछताछ में आरोपी ने राहगीर से मोबाइल छीनने की घटना स्वीकार की है



# अटल जी ने कराया छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण: विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 17 अगस्त।** सांसद विजय बघेल के सेक्टर-5 स्थित निवास पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सांसद बघेल ने अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद विजय बघेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महामानव, कुशल राजनेता, प्रखर वक्ता एवं संवेदनशील कवि थे। उन्होंने अपने वचन का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ की जनता से किया गया अपना वादा पूरा करते हुए उन्होंने अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कराया। सांसद बघेल ने कहा कि अटल जी की लोकप्रियता और व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि उनके राजनीतिक विरोधी भी उनका सम्मान और प्रशंसा करते थे। उन्होंने देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाकर पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटल जी का समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। अटल जी का जीवन और उनके विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को देश सदैव श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद करता रहेगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, शशि बंछेल, उपकार चंद्राकर, अरविंद खुराना, भागचंद जैन, दशरथ भोई, मनोज गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महापौर अलका बाघमार ने नगर निगम मुख्यालय में किया ध्वजारोहण

**दुर्ग, 17 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग में गौरवशाली परंपरा के अनुरूप 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया।

नगर निगम मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर आयुक्त मोहेंद्र साहू सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भिलाई में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा, हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात

**भिलाई, 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय मुख्यालय में ध्वजारोहण समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। समारोह में कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस.मनोज, अधीक्षण अभियंता द्वय तरुण कुमार ठाकुर, जे.जगन्नाथ प्रसाद एवं आर.के.खरे, उपमहाप्रबंधक संतोष साहू सहित दुर्ग क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



### ओम शिव शक्ति विद्यालय खुर्सीपार में फहराया गया तिरंगा



सुभाष नगर खुर्सीपार स्थित ओम शिव शक्ति विद्यालय में प्रातः 10:30 बजे मुख्य अतिथि समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। इस दौरान अतिथियों ने देश की आजादी एवं रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों के सम्मान में दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल ने कहा कि देश का भविष्य बच्चों और युवाओं के हाथों में है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का अवसर है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रमा मालवीय ने इस अवसर पर विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं विद्यालय संचालक सुरेश कुमार मालवीय ने विद्यालय की प्रगति एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संतोष मालवीय, डॉ. शिवशंकर मौर्य, रमाकांत मालवीय, लाल बिहारी प्रजापति, शंभु मालवीय, कमलेश मालवीय, रामपाल साहू, श्रीमती जानकी पटेल, कु. खुशी सिंह, कु. पूजा, श्रीमती किरण वर्मा, श्रीमती विनीता साहू एवं श्रीमती सोमा विश्वास सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाते हुए जिम्मेदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने का संदेश दिया।

### राष्ट्रीय बचत स्तंभ, सेक्टर-1 में मना स्वतंत्रता दिवस



राष्ट्रीय बचत स्तंभ, सेक्टर-1 में मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे रहे। विशेष अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरा सेठिया एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सरोज मेश्राम उपस्थित थे। पार्षद शकुंतला साहू भी समारोह में विशेष रूप से शामिल हुईं। मुख्य अतिथि महादेव कावरे ने शासन एवं प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या अड़चन आने पर राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, भारत, छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर सहयोग करने की सहमति प्रदान की। विशेष अतिथि नीरा सेठिया ने अपने संबोधन में एमपीकेबीवाई अभिकर्ताओं से प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष सरोज मेश्राम ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय बचत स्तंभ के वर्ष 1972 में लोकार्पण से लेकर 15 अगस्त 2026 तक के इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने राष्ट्रीय बचत स्तंभ को पुनर्जीवित करने के लिए पृथ्वीश भट्टाचार्य एवं मनोज कुमार मिश्रा सहित केंद्रीय कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की तैयारी में एस.एन. प्रसाद, अशोक देवांगन, ललित साहू, मानिक उज्ज्वने, नरेंद्र सिन्हा, प्रदीप देशलहरे, लावेश मदनकर, तेजपाल, योगेश साहू, मनोज ठाकुर, मोहनलाल ताम्रकार, राजेश्वर प्रसाद, आशीष जोशी, विजय हुक्का, आशीष सूरे, आशीष परमार, मीरा साहू, शैलेंद्र राजाभोज ताम्रकार, डांगे मैडम, कल्पना पवार, वंदना कौशिक तिवारी एवं अग्रवाल जी सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। ममता भाटिया ने आभार व्यक्त किया।

### शिवसेना कार्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस



शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर शहीदों और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक राजेश घनघोरकर, बलवीर सिंह, वीरेन्द्र कुमार प्रजापति, हरि यादव, शिव पूजन सहित बड़ी संख्या में शालेय बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को तिरंगा देकर अपने-अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी शिवसेना के दुर्ग-भिलाई संयुक्त जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने दी।

## निधन



आशा तिवारी

**भिलाई, 17 अगस्त।** शिक्षा जगत, साहित्यिक एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली श्रीमती आशा तिवारी का विगत दिनों निधन हो गया। श्रीमती आशा तिवारी ने भिलाई इस्पात संयंत्र के हायर सेकेंडरी विद्यालय, सेक्टर-8 में हिन्दी शिक्षिका के रूप में लगभग 30 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं।

बाद में वे इसी विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुईं। अन्तर्राष्ट्रीय कवि साहित्यकार गोविन्द पाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आशा जी का जाना भिलाई के सामाजिक एवं साहित्यिक जीवन के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का बढ़ा मान



**बलौदाबाजार 17 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। ?समारोह के मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण व परेड की सलामी के पश्चात जिले में निष्ठापूर्वक, साहसिक एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ?यह सम्मान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, जन-सुरक्षा, साइबर तकनीकी अनुसंधान और यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। इस विशेष उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने सम्मानित होने वाले सभी 11 अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की पूरी टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर प्राप्त यह सम्मान हमारे बाकी बल को भी नागरिकों की सुरक्षा और न्याय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### छत्तीसगढ़ की न्यायिक राजधानी में सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब ने समुदाय से न्याय और निष्पक्षता बनाए रखने का आग्रह किया

**बिलासपुर 17 अगस्त।** दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु, परम पावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब ने शनिवार 15 अगस्त को कापड़गंज की बुरहानी मस्जिद में एक सभा को संबोधित किया। सैयदना साहब ने छत्तीसगढ़ की न्यायिक राजधानी और राज्य के उच्च न्यायालय के घर के रूप में शहर की पहचान को अपने प्रवचन का केंद्र बनाते हुए, समुदाय के लोगों को अपने आचरण में न्याय और निष्पक्षता के मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों की शिक्षा और परवरिश में सक्रिय भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण समय के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि बच्चे का पालन-पोषण माता-पिता दोनों की साझा जिम्मेदारी है। सैयदना साहब ने समुदाय के सदस्यों को देश के विकास और प्रगति में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। सैयदना साहब का बिलासपुर आगमन रायपुर के पांच दिवसीय दौरे के बाद हुआ है। राज्य की राजधानी में उनके प्रवास के दौरान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सैयदना साहब से मुलाकात की और राज्य में दाऊदी बोहरा समुदाय के योगदान और इसकी सामाजिक विकास पहलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने समुदाय के किचन कार्यक्रम की भी सराहना की, जिसके माध्यम से दाऊदी बोहरा परिवारों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, और बच्चों के बीच स्वस्थ तकनीकी आदतों को प्रोत्साहित करने के सैयदना साहब के प्रयासों की भी प्रशंसा की। बिलासपुर लगभग 250 दाऊदी बोहरा परिवारों का घर है, जिनमें से कई ने निर्माण और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय और पेशे स्थापित किए हैं, और अब आईटी तथा अन्य उद्योगों में भी इनकी बढ़ती उपस्थिति है। व्यवसाय से परे, समुदाय के सदस्य सक्रिय रूप से पूरे शहर में सामाजिक कल्याण गतिविधियों का संचालन करते हैं, अपने 'प्रोजेक्ट राइज़' पहल के माध्यम से भोजन और पोषण अभियानों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का भी प्रबंधन करते हैं। बिलासपुर से, सैयदना साहब मुंबई लौटने से पहले तखतपुर और भाटापारा की यात्रा करेंगे। छत्तीसगढ़ के शहरों और कस्बों की ये यात्राएँ सैयदना साहब द्वारा भारत और दुनिया भर में फैले समुदायों की यात्रा करने की उनकी परंपरा का हिस्सा हैं।

# नगर पालिका सिमगा अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 17 अगस्त।** जयस्तम्भ चौक में नगर पालिका सिमगा में 80 वे स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पावन अवसर पर सिमगा स्थित सभी स्कूल नगर पालिका के तत्वावधान में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देशभक्ति के रंग में रंगे इस समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें बच्चे अनेक प्रकार से कोई भगत सिंह बने, कोई रानीदुर्गा वती भेष, कोई नेता सुभाष चंद्रा बॉस तो कई बहुत से बच्चे आर्मी पुलिस के भेष मे दिखाई दिए जयस्तम्भ चौक और बाजार चौक परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा राष्ट्रभक्ति के गीतों और नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जिसमें नगर वासियों हजारों के सांख्य में लोगों ने राष्ट्रगीत गीत एवं छत्तीसगढ़ के राज्य गीत, गए, जिसमें सभी पार्टी के जनप्रतिनिधि शामिल थे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया,

सुनील माहेश्वरी, अनिल पांडे, भागवत सोनकर, करन भाटिया, रिंकू भाटिया, विकास सोनकर,नीरज शर्मा,काकू भाटिया, आकाश नायक, पीयूष जैन, नीरज ठाकुर, मुकुंद रजक,







गोलू अवस्थी, आरफी खान, विक्रमादित्य पांडे, मयंक पांडे मजहर खान, सभी स्कूल के प्रिंसीपल टीचर्स,

विधायक प्रतिनिधि हिरेंद्र कोसले,दीनबंधु शर्मा आशुतोष शर्मा, कृष्णा कुंजाम,उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर पालिका के सदस्य,गणमान्य पत्रकारगण नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगर वाशि कार्यक्रम में शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं सम्मान स्वरूप किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य और नगर अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं कविता पाठ ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय एवं कला कौशल के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान, देशप्रेम और सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि देश के वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार की सराहना की।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण, अभिभावक एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच का संचालन व्याख्याता आशुतोष शर्मा के द्वारा किया गया। अंत में नगर पालिका एवं विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, कविता पाठ एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### लॉक कांग्रेस कार्यालय सिमगा में माहेश्वरी ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, पुराना बस स्टैंड में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । सुनील माहेश्वरी ने उपस्थित गणमान्य जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी, उपस्थित गणमान्य जनों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सुनीता यादव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी का स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़ा। इस गरिमामय आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष राजू भाटिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पार्षद मो याकूब,विधायक प्रतिनिधि हिरेंद्र कोसले, कन्हैया पंजवानी, लखन देवांगन,पिंटू माली,हरी सोनकर, मो अय्यूब, मो युनुस, करन भाटिया, नूर अली,मंजू शुक्ला, लल्लू पाटकर , दाऊ यदु, ढेलू साहू, पप्पू राजपूत, संतोष पाल ,डॉ साहू, अंकुश भाटिया, राज भाटिया, गुड्डू जैन, शंकर देवांगन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## सिमगा में निकली तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगा नगर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिमगा नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ नगर का भ्रमण किया।तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा नगर देशभक्ति के रंग में नजर आया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

आयोजकों ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं तत्पश्चात जय स्तंभ चौक पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा भारत माता की आरती की गई,इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव,मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सचिन जैन , महामंत्री छोटू यादव,धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी,करन भाटिया, विकास सोनकर,परस पाटकर,अनूप तिवारी, विष्णु जायसवाल,माया सलूजा, परीक्षित चतुर्वेदी, राजेश सिंग, वंदना इंगोले रुक्मिणी साहू,शारदा भोंसले आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर अडानी पावर के 26 कर्मचारी उत्कृष्ट सेवा के लिए किए गए सम्मानित



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 17 अगस्त।** अदाणी पावर लिमिटेड, छोटे भंडार में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्लांट के अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ बिजनेस ऑफिसर एवं प्रोजेक्ट हेड द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। अपने संबोधन में श्रक्र ने राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका, सुरक्षित कार्य संस्कृति, विश्वसनीय विद्युत उत्पादन तथा स्थानीय समुदाय के विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। प्रोजेक्ट हेड ने 2×800 मेगावाट परियोजना की प्रगति की जानकारी साझा करते हुए क्षेत्र में संचालित विभिन्न सीएसआर एवं सामुदायिक विकास पहलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अदाणी पावर स्थानीय समुदायों के विकास और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसके बाद उत्कृष्ट सेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सुरक्षा विभाग के 26 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्लांट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 19 कर्मचारियों को स्पॉट रिकग्निशन अवॉर्ड प्रदान किए गए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

समारोह में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (स्ष्ठष्ट) एवं सिलाई केंद्र के प्रशिक्षुओं ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्राथमिक शाला आमलीभौना एवं कोटमारा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं अदाणी पावर ग्रीन हार्मनी लेडीज क्लब की सदस्यों ने देश के विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति एवं पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति देकर भारत की सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं संगीत प्रस्तुत कर समारोह को विशेष बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर CBO एवं प्रोजेक्ट हेड ने सभी प्रतिभागी बच्चों, प्रशिक्षुओं एवं लेडीज क्लब की सदस्यों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

### तिल्दा नेवरा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया

**तिल्दा नेवरा 17 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला ग्रामीण के द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर भवन तिल्दा नेवरा में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक मुख्य आतिथ्य में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को को वर्ष 1947 में हुए भारत विभाजन की त्रासदी और उससे उत्पन्न मानवीय पीड़ा के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि 14 अगस्त 1947 के विभाजन में लगभग डेढ़ करोड़ लोग बेघर हुए थे, जबकि 10 लाख से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। बड़ी संख्या में महिलाओं को भी अत्याचारों का सामना करना पड़ा। विभाजन ने केवल देश की सीमाओं को ही नहीं बांटा, बल्कि इसने परिवारों, रिश्तों, जमीन-जायदाद, कारखानों, खलिहानों, घरों और कारोबार तक को प्रभावित किया।कार्यक्रम के सह प्रभारी रमेश रिंकू अग्रवाल कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ,अंजय शुक्ला ,अनिल अग्रवाल,नरेंद्र शर्मा ,सुरेश वर्मा ,महेंद्र साहू ,महेश अग्रवाल ,राम पंजवानी ,जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ,जिला पंचायत सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा ,शैल महेंद्र साहू ,रानी सौरभ जैन,आकाश पंजवानी ,नगरपालिका के अध्यक्ष चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा और पार्षदगण ,एल्डर मेनगण ,शहर और ग्रामीण मंडल के पदाधिकारीगण ,महिला मोर्चा तथा भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस भवन में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 17 अगस्त।** कांग्रेस भवन में 15 अगस्त 80वी स्वतंत्रता दिवस के अवसर शहर कांग्रेस द्वारा हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ कांग्रेस के वरिष्ठ शंकर लाल शर्मा,सुनील सोनी, ने तिलक, अगरबत्ती एवं नारियल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया इसके बाद तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के संदेश एवं शुभकामनाएं दी एवं उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस दौरान वंदे मातरम और जय हिंद÷ के जयघोष से पूरा कांग्रेस भवन परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह में कांग्रेस पदाधिकारी गण ,माता-बहनें एवं छोटे बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने उत्साह और उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह में सहभागिता निभाई। डायमंड म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सौहार्द की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली जिनमें उनके द्वारा सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ देश भक्ति गीत वीर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर पूर्व पार्षद,जगतु राम मंडले,तुला राम वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा,कल्याण वर्मा, संतोष सक्सेना, गजानंद वर्मा,नीरज राठी,गोवर्धन यदु, विजय हरिरामानी, दिनेश सोनी,दानी साहू, पन्ना पठारे, श्याम वाधवा, दुर्गेश नशीने, हरिश कोठारी,अजय मार्कंडेय,अनुप रावनी, प्रशांत गुप्ता,होले राम पोर्ते,द्वारिका शर्मा,हेम लाल साहू तामेश्वर वर्मा,राजकुमार, कांग्रेस पार्टी सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कांग्रेस द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, उमंग एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह ने समाजजनों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक एकजुटता की भावना को और अधिक मजबूत किया।

# सिरकट्टी आश्रम आवासीय विद्यालय कुटेना में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड 17 अगस्त।** सिरकट्टी आश्रम आवासीय विद्यालय कुटेना, पांडुका में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में ध्वजारोहण एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत गोवर्धन शरण जी महाराज तथा विशेष आमंत्रित अतिथि श्री देव नारायण सिन्हा, सदस्य चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, छत्तीसगढ़ शासन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के व्यवस्थापक एवं सचिव श्री भुनेश्वर साहू जी ने की।

कार्यक्रम में आश्रम के पूर्णकालिक कार्यकर्ता, संतजन, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट से हुआ। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्यजनों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रध्वज फहराया गया। विद्यार्थियों की विशेष टुकड़ी द्वारा अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई, वहीं अखाड़े के विद्यार्थियों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।



### सच्चे नागरिक बनना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी : संत गोवर्धन शरण जी महाराज

मुख्य अतिथि संत गोवर्धन शरण जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें जीवन में कुछ बनने से पहले एक अच्छा और सच्चा नागरिक बनना चाहिए। देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति प्रत्येक नागरिक के जीवन का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिरकट्टी आश्रम आवासीय विद्यालय विगत वर्षों से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है।

शहीदों के बलिदान और विरासत को सदैव याद रखें : देव नारायण सिन्हा

विशेष आमंत्रित अतिथि श्री देव नारायण सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का यह पावन दिन हमें अनगिनत वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। देश की स्वतंत्रता के लिए हमारे वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके द्वारा सौंपी गई राष्ट्र की विरासत को सुरक्षित रखते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं तथा समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

### पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त गांव और गौ-गीता संरक्षण का लिया संकल्प

संस्था के व्यवस्थापक एवं सचिव श्री भुनेश्वर साहू जी ने कहा कि भारत वीरों और संस्कारों की भूमि है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, नशामुक्त गांव बनाने तथा गौ, गाय और गीता के संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है।

उद्बोधन के पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, कविता, भाषण तथा विद्यालयीन परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्पूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

### क्रिस्वतंत्रता दिवस पर सद्भावना मैच का आयोजन कर भाईचारे का संदेस दिया

**बलौदाबाजार,17 अगस्त।** सद्भाव और भाईचारा का सन्देश देने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित सद्भावना क्रिकेट मैच मे प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन की टीम ने भाग लिया। मैच में दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय देते हुए अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें प्रशासन एकादश क़ी टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बना।विजेता टीम के कप्तान कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं उप विजेता टीम के कप्तान नरेश गनशानी क़ो ट्रॉफी प्रदान किया गया। टॉस जीत कर पत्रकार इलेवन क़ी टीम ने पहले बल्लेबाजी चुना और निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट खोकर 123 रन बनाए ।124 रन के लक्ष्य क़ा पीछा करते हुए प्रशासन एकादश क़ी मजबूत टीम ने 7 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । इस तरह से प्रशासन एकादश 7 विकेट से विजयी हुआ। बैटिंग और बॉलिंग में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशासन एकादश से प्रेम निषाद को ऑल राउंडर,बेस्ट फिल्डर आशीष तिवारी,बेस्ट बैट्स मैन के लिए पत्रकार इलेवन से खिलेश्वर जायसवाल एवं बेस्ट बॉलर के लिये दिलीप माहेश्वरी को ट्रॉफी प्रदान किया गया इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर सद्भावना मैच का आयोजन अच्छी पहल है जिसमें प्रशासन और नागरिकों मे मेल- मिलाप बढ़ता है और एक दूसरे क़ो जानने का भी मौका मिलता है। इस बार बॉलिंग मे एक खिलाडी एक ओवर नियम से सभी को बॉलिंग का मौका मिला।खेल में हार -जीत होता ही है, दोनों टीम के खिलाड़ियों ने टीम भावना के साथ उत्साह के साथ खेला। इस अवसर पुलिस अधीक्षक गौरव राय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा,खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अधिकारी- कर्मचारी,पत्रकार एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।



## संपादकीय

# यूं ही नहीं कहा जाता है,सरकार बदलने वाली है

कांग्रेस है तो गुटबाजी है, बगैर गुटबाजी के कांग्रेस हो ही नहीं सकती।गुटबाजी है इसलिए होड़ लगी रहती है कि राज्य में कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कौन है।हर कोई मौका मिलने पर बयानों के जरिए यह साबित करता रहता है कि यहां का बड़ा नेता तो वही है।जितने गुट हैं, उतने बड़े नेता है।सबसे बड़ा व प्रभावी गुट भूपेश बघेल का है क्योंकि वह सीएम रह चुके हैं और अभी भी उनकी जितनी दिल्ली दरबार में पहुंच है,उतनी दूसरे नेताओं की नहीं मानी जाती है। दूसरे नेताओं के भी अपने गुट हैं लेकिन मौके का फायदा भूपेश बघेल अक्सर उठाते रहते हैं और साबित करते रहते हैं कि यहां तो कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता मैं हीं हूं।जब भी कोई बड़ा आयोजन होता है तो वह उसका नेतृत्व करते हैं और साबित कर देते हैं कि यहां तो कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले वही है।जब भी ईडी किसी कांग्रेस नेता को गिरफ्तार करती है तो कोई विरोध करे न करे भूपेश बघेल जरूर विरोध करने सामने आते हैं।

कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के खिलाफ ईडी ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया तो भूपेश बघेल के नेतृत्व में नेता सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव किया गया।ऐसा भूपेश बघेल ने पहली बार नहीं किया है,यहां ईडी ने जब भी किसी कांग्रेस नेता को किसी मामले में गिरफ्तार किया है तो भूपेश बघेल ने ही हमेशा सबसे पहले विरोध किया है और यह नरेटिव बनाने की कोशिश की है कि भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं के खिलाफकार्रवाई कर रही है।कांग्रेस में दूसरे बड़े नेता भी हैं लेकिन वह भूपेश बघेल की तरह विरोध करने सामने नहीं आते हैं।जबकि भूपेश बघेल विरोध के लिए सामने आते हैं, गिरफ्तार नेता से मिलने जाते है, यह एहसास कराना नहीं भूलते हैं कि वह उनके साथ और पार्टी भी उनके साथ है। एक बड़े नेता का यह काम होता है कि जब पार्टी के किसी नेता को किसी भी वजह से गिरफ्तार किया जाए तो उसे कम से कम सांत्वना तो दे जाकर पार्टी उनके साथ है।इससे पार्टी के नेता का हौसला बना रहता है वह टूटता नहीं है। भूपेश बघेल जानते है कि गिरफ्तार नेता टूटा को पार्टी को नुकसान होगा, राजनीतिक रूप से नुकसान होगा और इसका फायदा सत्तारूढ़ दल को होगा।सत्तारूढ़ दल तो अपने राजनीतिक फायदे के लिए यह साबित करता है कि पिछली सरकार में एक नहीं कई भ्रष्टाचार के मामले हुए है और जांच में मिले सबूत के आधार पर लोगों का गिरफ्तार किया जा रहा है। भूपेश बघेल इसका काउंटर नरेटिव बनाते रहते हैं।

यही नहीं भूपेश बघेल एक काम और करते हैं जो कोई दूसरा कांग्रेस नेता कर सकता है लेकिन करता नहीं है।वह ईडी सहित शासकीय अधिकारियों को चेतावनी देने के बहाने डराते रहते हैं कि यह सरकार बदलने वाली है यानी यह सरकार हमेशा नहीं रहने वाली है,हमारी सरकार आएगी तो तुमको बताएंगे कि हम क्या कर सकते हैं।यह सच भी है कि जब भी सरकार बदलेगी तो कांग्रेस की ही सरकार आएंगी।रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी पर भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की चाटुकारिता करने वाली ईडी संभल जाए यह सरकार बदलने वाली है।साथ ही वह यह भी बताने का प्रयास करते हैं कि प्रदेश में कोयला,रेत,शराब में अवैध वसूली हो रही है, शराब में ओवर रेंटिंग हो रही है लेकिन ईडी कार्रवाई नहीं करती है।भूपेश बघेल एक तरफ तो अधिकारियों को डराते हैं हमारी सरकार आने वाली है, दूसरी तरफ वह कांग्रेस के अपने समर्थकों को यह संदेश भी देते रहते हैं कि सरकार आएगी तो मेरे कारण आएगी,मेरे नेतृत्व में ही आएगी।कारण मैं एक बार यहां कांग्रेस की सरकार बनवा सकता हूं तो दूसरी बार भी बनवा सकता हूं।इसका परिणाम यह होता है कि भूपेश बघेल के समर्थक उनके साथ ही बने रहते हैं, वह दूसरे गुट में नहीं जाते हैं। भूपेश बघेल का सबसे बड़ा गुट सबसे बड़ा गुट ही बना रहता है।

चाहे राज्य में हरेली का पर्व मनाना हो या विश्व आदिवासी दिवस पर बधाई ने देने का मामला हो, भूपेश बघेल ही आगे रहते हैं और सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हैं, कांग्रेस में और भी नेता हैं वह भी यह काम कर सकते हैं लेकिन करते नहीं है इससे ऐसा लगता है कि कांग्रेस की कमान तो यहां भूपेश बघेल ही संभालते हैं।कांग्रेस सत्ता मे थी तो हरेली तिहार भूपेश निवास पर मनाया जाता था और कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो भी भूपेश निवास में मनाया गया और राज्य के लोगों को बताया गया कि हमारी सरकार के समय छत्तीसगढ़ी त्यौहार व परंपरा को हमने ऊंचाई पर पहुंचाया था,वह आज खत्म हो गया है,छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो नहीं लगाई जा रही है,विश्व आदिवासी दिवस पर सीएम आदिवासी होने के बाद भी सरकार की ओर से बधाई नहीं दी जा रही है।यानी सरकार को घेरने का काम भी प्रमुखता से भूपेश बघेल ही करते हैं,इससे संदेश तो यही जाता है कि यहां के सबसे बड़े कांग्रेस नेता भूपेश बघेल हैं।

भूपेश बघेल के सवालों का जवाब भी जब सरकार की ओर दिया जाता है तो फिर साबित हो जाता है कि भूपेश बघेल ही सरकार से सवाल करते है और सरकार उनके सवालों का जवाब देना पड़ता है।विश्व आदिवासी दिवस पर भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार से सवाल किया तो भाजपा की तरफसे यह जवाब दिया गया कि भारत अपने जनजातीय वीरों के शौर्य व बलिदान को सम्मान देने के लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाता है,विश्व आदिवासी दिवस तो जनजातीय समाज से जुड़ी विदेशी अवधारणा का प्रतीक है। कांग्रेस तो आदिवासी समाज को वोट बैंक समझती है,भाजपा ने आदिवासियो को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा,रोजगार व नेतृत्व के अवसर बढ़ाए हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया है,उसे लेकर भी गुटबाजी होती रहती है,अब तक तो छत्तीसगढ़ मे ज्यादातर समय कांग्रेस अध्यक्ष भी भूपेश बघेल की पसंद का रहा है इससे उनकी संगठन पर मजबूत पकड़ रही है।अगला अध्यक्ष किसको बनाया जाता है, इससे फिर एक बार साफहोगा कि वह भूपेश बघेल की पसंद को होगा या नहीं।यहां की राजनीति में कौन प्रभावी रहेगा।

# बेरोजगारी, गरीबी, असमानता, भ्रष्टाचार से दबा लोकतंत्र !

## समाज में नैतिक और सामाजित पतन की शुरुआत हो गई है

सामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

इन दिनों देश आजादी की 80वीं वर्षगांठ का जशन मना रहा है। हुक्मरानों के आह्वान पर देश में घर घर तिरंगा फहराया गया । राजपथ से लेकर जनपथ तक रोशनी की झालर जगमगा रही हैं लेकिन इस खुशहाल भारत के पीछे एक और हकीकत भी छिपी है यह है मुफलिसी, बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता व सस्ते सुलभ न्याय से महरूम हिंदुस्तान, जिसमें आज भी भूख है, बेगार करने और अन्याय सहने की मजबूरी है, पूंजीवाद के हाथों में जकड़ती लोकतांत्रिक व्यवस्था है इन सबसे इतर नारे हैं उम्मीद हैं और इनके बीच बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार से कराहता आम आदमी है।



**बेरोजगारी:** हालिया आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर लगभग 5.5% है, जो वैश्विक औसत (4.9%) के आसपास और कई प्रमुख जी-20 अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में स्थिर स्थिति में है, हालांकि युवाओं के बीच यह दर तुलनात्मक रूप से अधिक बनी हुई है।आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार देश में कुल बेरोजगारी दर स्थिस्थिर है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की दर लगभग 5.1% और शहरी क्षेत्र की दर लगभग 6.4% से 6.6% के बीच दर्ज की गई है।युवा बेरोजगारी की समस्या चुनौती बनकठभारत में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक (लगभग 15% से 16% के बीच) है, जो कौशल अंतराल और तकनीक-आधारित बदलावों को दर्शाती है। वैश्विक और भारतीय बाजारों में अनौपचारिक रोजगार और गुणवत्तापूर्ण पूर्णकालिक नौकरियों की उपलब्धता एक बड़ी चिंता बनी हुई है।

गरीबी की अंतहीन समस्या

भारत में आज भी गरीबी की समस्या विकराल बनी हुई है। भारत में 20 करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं और काफी मुश्किल से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गरीबी से जुड़े कई ऐसे आंकड़े हैं, जो वाकई डराने वाले हैं। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, भारत में अभी भी लगभग 23.4 करोड़ लोग गरीबी के स्तर पर जीवन जीने को मजबूर हैं। यह संख्या इस बात पर निर्भर करती है कि गरीबी को मापने के लिए किस मानक या पैमाने का उपयोग किया जा रहा है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक के संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर जैसे संकेतकों के आधार पर भारत में लगभग 23.4 करोड़ लोग घोर या बहुआयामी गरीबी में जी रहे हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक है।विश्व बैंक के अत्यधिक गरीबी के आंकड़े बता रहे हैं कि विश्व बैंक के मानकों (2.15 प्रतिदिन आय) के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में जीने वाले लोगों की संख्या घटकर लगभग 7.5 करोड़ (75 मिलियन) रह गई है। पिछले एक दशक में लगभग 26.9 से 27 करोड़ लोग इस अत्यधिक गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यदि उच्च स्तर यानी लगभग 4.20 प्रतिदिन के मानक को देखा जाए, तो भारत की लगभग 23.9% आबादी (करीब 34.2 करोड़ लोग) आर्थिक सुरक्षा के उस दायरे से नीचे आती है।

**भुखमरी:** नवीनतम ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, कुल 123 देशों की सूची में भारत को 102वां स्थान मिला है। इस सूचकांक में भारत का कुल स्कोर 25.8 है, जो देश में भूख और कुपोषण की स्थिति को 'गंभीर' श्रेणी में रखता है। 123 देशों की पड़ताल में भारत का स्थान 102 वां है इस के अनुसार 25.8श्रेणी गंभीर प्रमुख स्वास्थ्य व पोषण 12.0%बाल बौनापन उम्र के हिसाब से कम लंबाई 32.9%बाल कमज़ोरी लंबाई के हिसाब से कम वजन 18.7% रिपोर्ट में दूसरी सबसे अधिक बाल मृत्यु दर 2.8% है।

**भ्रष्टाचार:** भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2025 में भारत 182 देशों में 91वें स्थान पर है। भारत का कुल स्कोर 39 (100 में से) है, जो पिछले वर्ष (2024 में 96वीं रैंक) की तुलना में पाँच स्थानों का सुधार दर्शाता है। यह रिपोर्ट ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी की जाती है।डेनमार्क, फिनलैंड और सिंगापुर सबसे कम भ्रष्ट देशों में शामिल हैं। भारत का प्रदर्शन (101रैंक)पाकिस्तान (136वीं रैंक), श्रीलंका (107वीं रैंक), और नेपाल (109वीं रैंक) से बेहतर है, लेकिन चीन (76वीं रैंक) और भूटान (18वीं रैंक) से पीछे है।

**गरीब अमीर के बीच खाई:** विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 (तीसरा संस्करण) पेरिस स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स के द्वारा जारी की गई है। यह रिपोर्ट बताती है कि दुनिया के शीर्ष 10% सबसे अमीर लोगों के पास वैश्विक संपत्ति का तीन-चौथाई (लगभग 75%) हिस्सा है, जबकि सबसे निचले 50% हिस्से के पास केवल 2% संपत्ति है।भारत में शीर्ष 10% लोगों के पास राष्ट्रीय आय का 58% हिस्सा है, जबकि निचले 50% लोगों को केवल 15% ही मिलता है। भारत में असमानता गहराई से जड़ें जमा चुकी है, जहाँ शीर्ष 10% राष्ट्रीय आय का 58% हिस्सा अर्जित करते हैं और शीर्ष 1% के पास देश की कुल संपत्ति का 40% हिस्सा है। इसे महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर के 15.7% पर स्थिर बने रहने से और बढ़ावा मिलता है।

**न्याय बना अन्याय:** देश में अदालतों में न्याय के लिए लम्बी लाइन लगीं है अगली पेशी अगले साल के चलते लाखों की संख्या में वादी व पीड़ित तारीख पर चक्कर काटते हुए दुनिया से चले जाते हैं पर न्याय नहीं मिलता। स्थिति यह है कि देशभर की अदालतों में निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कुल 5.64 करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित (पेंडिंग) हैं।अदालत के स्तर पर लंबित मामलों का विवरणसुप्रीम कोर्ट (सर्वोच्च अदालत): लगभग 96,000 से अधिक केस पेंडिंग हैं।हाई कोर्ट (उच्च न्यायालय): देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लगभग 63.76 लाख मामले पेंडिंग हैं।जिला और अधीनस्थ अदालतें (निचली अदालतें): कुल पेंडिंग मामलों का सबसे बड़ा हिस्सा यानी करीब 4.98 करोड़ से अधिक मामले निचली अदालतों में अटके हैं, जो कुल लंबित मामलों का लगभग 85% से अधिक है।

**साइबर अपराध:** देश में अपराध की स्थिति भी बदतर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड के अनुसार देश में समग्र अपराध दर घटकर लगभग 418.9 प्रति लाख जनसंख्या पर आ गई है। विभिन्न डिजिटल और ऑनलाइन धोखाधड़ी में लगभग 17% से 18% की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल साइबर मामलों में से लगभग 72% से अधिक का उद्देश्य वित्तीय ठगी रहा है महिलाओं के विरुद्ध मामलों में आंशिक (लगभग 1.5%) कमी आई है, जबकि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में लगभग 7.8% की वृद्धि देखी गई है। हत्या के मामलों में लगभग 2.4% की गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि अपहरण और अन्य विवादित मामलों की संख्या में क्षेत्रीय भिन्नता बनी हुई है। वित्तीय गबन और धोखाधड़ी से जुड़े आर्थिक अपराधों में करीब 4.6% की वृद्धि हुई है।

**राष्ट्रीय चरित्र में गिरावट:** भारतीयों के राष्ट्रीय चरित्र में गिरावट के प्रमुख लक्षणों में अनियंत्रित भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संपत्ति के प्रति लापरवाही, नागरिक अनुशासन का अभाव और राष्ट्रहित की तुलना में व्यक्तिगत स्वार्थ को प्राथमिकता देना शामिल है। समाज में नैतिक मूल्यों और सहिष्णुता की कमी भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कभी भारतीय लोगों का राष्ट्रीय चरित्र विविधता में एकता, सहिष्णुता, आतिथ्य-सत्कार, परिवार के प्रति अटूट जुड़ाव और कठिन परिस्थितियों में भी उच्च सहनशक्ति (लचीलेपन) पर आधारित है। यहाँ के समाज में धर्म, आध्यात्मिकता और सामूहिक जीवन की भावना गहराई तक समाई हुई है।लेकिन अब स्थिति भिन्न हो चली है। समाज में नैतिक और सामाजिक पतन की शुरुआत हो गई है। भ्रष्टाचार अब अपवाद नहीं बल्कि एक सामान्य और स्वीकृत बात बन गई है। लोग अपने अधिकारों के प्रति अत्यधिक जागरूक हैं, लेकिन अपने मूल कर्तव्यों को भूल रहे हैं। विभिन्न समूहों के बीच सहनशीलता घट रही है और असहिष्णुता बढ़ रही है। 'मेरा क्या फायदा' की सोच ने सामूहिक कल्याण और देशभक्ति की भावना को पीछे छोड़ दिया है।सरकारी संपत्तियों, पार्कों और धरोहरों को गंदा करना या नुकसान पहुँचाना आम हो गया है। यातायात नियमों और सामान्य कानूनों का पालन न करने को शान की बात समझा जाता है। अपराध या दुर्घटना के समय मदद करने के बजाय लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहते हैं। भारत में राजनीतिक दलों की आपसी प्रतिद्वंद्विता अब इतना बढ़ गया है कि पिछले एक दशक में देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में सबसे कम समय का उपयोग किया जाता है विपक्ष संसद को अखाड़ा बनाने पर तुला है और सत्ता धारी विपक्ष के साथ सूक्ष्मता आम सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं। देश ने नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हुए प्रदर्शन में जैनजी के भीतर आक्रोश को देखा वहीं जैनजी के कंधे का इस्तेमाल करने की राजनीति को भी देखा वहीं आंदोलन की आड़ में अराजकता अभद्रता असंयमित गालीबाजी को भी सहन किया।

# स्वतंत्रता का मर्म केवल अधिकार ही नहीं बल्कि देश के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का दायित्वबोध भी है

स्वतंत्रता दिवस

डॉ. सत्यवान सौरभ

स्वतंत्रता की भावना केवल एक दिवस मनाने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण में उसके मर्म को जीने का संकल्प है। 15 अगस्त को हमें केवल यह नहीं कहना चाहिए कि हम स्वतंत्र हैं बल्कि स्वयं से यह भी पूछना चाहिए क्या हम स्वतंत्रता के योग्य नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं?



स्वतंत्रता का उत्सव एक दिन का हो सकता है, लेकिन स्वतंत्रता की जिम्मेदारी प्रतिदिन निभानी होती है। राष्ट्रध्वज वर्ष में एक बार नहीं, हमारे आचरण में हर दिन ऊँचा होना चाहिए। संविधान केवल पुस्तक में नहीं, हमारे व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। राष्ट्रप्रेम केवल नारों में नहीं, हमारे कर्मों में सुनाई देना चाहिए।

आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता को 6 से आगे बढ़ाकर उत्तरदायित्व, उत्सव से आगे बढ़ाकर जीवन-मूल्य और एक दिवस से आगे बढ़ाकर जीवन-शैली बनाएँ।

यही उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने हमें स्वतंत्र भारत दिया। यही लोकतंत्र की वास्तविक रक्षा होगी। और यही उस स्वतंत्रता का मर्म है, जिसकी ज्योति हमें आने वाली पीढ़ियों तक निरंतर जलाए रखनी है। स्वतंत्रता केवल हमें मिली हुई विरासत नहीं है; यह आने वाली पीढ़ियों को सौंपे जाने वाला हमारा नैतिक दायित्व भी है।

15 अगस्त हमारे राष्ट्रीय जीवन का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब भारत ने लगभग दो शताब्दियों की पराधीनता के बाद स्वतंत्रता का सूर्य देखा। यह दिन केवल ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, देशभक्ति के गीतों और समारोहों तक सीमित नहीं है। स्वतंत्रता दिवस वास्तव में आत्मचिंतन का दिन है—हम यह विचार करें कि जिन असंख्य ज्ञात-अज्ञात सेनानियों ने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित किया, उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में हम कितने आगे बढ़े हैं। स्वतंत्रता प्राप्त करना जितना कठिन था, उसकी गरिमा को बनाए रखना उससे कम चुनौतीपूर्ण नहीं। राजनीतिक स्वतंत्रता हमें 1947 में मिली, लेकिन स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक भय, भेदभाव, अन्याय, अज्ञान, गरीबी, भ्रष्टाचार और सामाजिक संकीर्णताओं से मुक्त होकर गरिमापूर्ण जीवन जी सके।

महात्मा गांधी ने कहा था स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी बेड़ियाँ तोड़ना नहीं, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान करना भी है। इस विचार में स्वतंत्रता का गहरा मर्म छिपा है। हमारी स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब हम अपनी स्वतंत्रता के साथ दूसरे के अधिकार और सम्मान की भी रक्षा करें।

आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वतंत्रता को केवल एक राष्ट्रीय पर्व न बनाया जाए, बल्कि उसे जीवन-मूल्य बनाया जाए। यदि हम 15 अगस्त को राष्ट्रभक्ति की बातें करें और 16 अगस्त को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाएँ, नियमों की अवहेलना करें, भ्रष्टाचार को स्वीकार करें, जाति-धर्म और भाषा के नाम पर समाज को बाँटें, तो हमारी देशभक्ति केवल प्रदर्शन बनकर रह जाएगी।

स्वतंत्रता हमें अधिकार देती है, लेकिन उसके साथ कर्तव्य भी जोड़ती है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी अभिव्यक्ति से किसी दूसरे की गरिमा को चोट पहुँचाएँ। हमें विचार रखने का अधिकार है, पर दूसरे के विचार को सुनने का धैर्य भी होना चाहिए। हमें अपने धर्म और संस्कृति को मानने की स्वतंत्रता है, लेकिन दूसरे की आस्था का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ सामाजिक समानता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया था। उनका चिंतन हमें यह समझाता है कि राजनीतिक लोकतंत्र तभी टिकाऊ हो सकता है, जब उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र भी हो। इसलिए स्वतंत्र भारत की जिम्मेदारी केवल शासन चलाने वालों की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का प्रसिद्ध उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना का प्रतीक बना। लेकिन आज स्वराज का अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं है। आज स्वराज का अर्थ है अपने भीतर के भय पर विजय, अपने लोभ पर नियंत्रण, अपने पूर्वाग्रहों से मुक्ति और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता। रवींद्रनाथ ठाकुर ने ऐसे भारत की कल्पना की थी जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा हो। उनकी प्रार्थना जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा रहे आज भी स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ को परिभाषित करती है। भयमुक्त नागरिक ही लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है और प्रश्न पूछने वाला समाज ही प्रगति की ओर बढ़ सकता है।

स्वतंत्रता की रक्षा सीमाओं पर खड़ा सैनिक करता है, लेकिन उसके भीतर की चेतना को जीवित रखना नागरिक का दायित्व है। सैनिक सीमा पर देश की भौगोलिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है, किसान अन्न के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाता है, वैज्ञानिक ज्ञान और नवाचार से राष्ट्र को मजबूत करता है, शिक्षक नई पीढ़ी के चरित्र का निर्माण करता है और श्रमिक अपने श्रम से राष्ट्र की आधारभूत संरचना खड़ी करता है। इस अर्थ में हर नागरिक राष्ट्रनिर्माण का सहभागी है।

## राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपकी समझदारी और संयम की परीक्षा ले सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी बड़े फैसले से पहले अच्छी तरह विचार कर लें। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, इसलिए छोटी परेशानी को भी गंभीरता से लें। परिवार में कोई मुद्दा उठे तो बहस के बजाय शांति से समाधान निकालने की कोशिश करें।

**वृषभ राशि:** आज किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने की अच्छी संभावना है। निवेश से लाभ मिल सकता है और कारोबार में भी तेजी आएगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन रिश्तों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**मिथुन राशि:** आज आपकी बुद्धिमानी और सही निर्णय लेने की क्षमता आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और लंबे समय से अटका पैसा भी वापस मिल सकता है। आपके कुछ फैसले आसपास के लोगों को चौंका सकते हैं, लेकिन उनका असर सकारात्मक रहेगा।

**कर्क राशि:** आज अधूरे कामों को पूरा करने पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि इन्हें टालना आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकता है। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी दूरी या मनमुटाव महसूस हो सकता है, इसलिए जीवनसाथी से खुलकर बातचीत करते रहें।

**सिंह राशि:** आज आपकी पहचान और प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। आपकी मीठी वाणी लोगों को प्रभावित करेगी और कार्यस्थल पर सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा। आगे बढ़ने के कई मौके मिल सकते हैं, लेकिन किसी दूसरे की सफलता देखकर मन में ईर्ष्या न आने दें।

**कन्या राशि:** आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रहेगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है, जिससे थकान भी महसूस होगी। परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर चिंता रह सकती है।

**तुला राशि:** आज आपके घर-परिवार में खुशियों का माहौल बन सकता है। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खबर मिल सकती है या शादी-विवाह की तैयारियों से घर में रौनक बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि:** आज खुशी और व्यस्तता दोनों साथ-साथ चलेंगी। काम का दबाव आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, लेकिन छोटे-छोटे आर्थिक लाभ मन को संतुष्ट रखेंगे। पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए उसमें बेवजह शामिल होने से बचें।

**धनु राशि:** आज आपके सामने कई नए अवसर आ सकते हैं। आय बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे और आर्थिक स्थिति बेहतर होने के संकेत हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी और मन खुश रहेगा।

**मकर राशि:** आज आपको थोड़ा संभलकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला आर्थिक या व्यक्तिगत नुकसान करा सकता है, इसलिए महत्वपूर्ण मामलों में पूरी जानकारी लेने के बाद ही निर्णय करें। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुशी देगी। दांपत्य जीवन में प्यार और मधुरता बनी रहेगी।

**कुंभ राशि:** आज कारोबार में लाभ मिलने के संकेत हैं, हालांकि बीच-बीच में तकनीकी समस्याएं या छोटी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। अपने अनुभव और व्यावहारिक समझ का इस्तेमाल करेंगे तो स्थिति जल्दी संभल जाएगी।

**मीन राशि:** आज आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है और परिवार के साथ बिताया समय आपको भावनात्मक खुशी देगा। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक

# सरकारी मुहर

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

आंगनवाड़ी केंद्र के उस जंग लगे लोहे के दरवाजे के पास अस्सी साल के रामसेवक दादा हर दोपहर ठीक बारह बजे अपना पुराना लाल रंग का ट्रांजिस्टर रेडियो लेकर इस तरह बैठ जाते थे जैसे कोई ईमानदार आदमी भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हो। उस रेडियो का एंटीना वैसे ही टूटा हुआ था जैसे सरकारी वादों की कमर टूटी होती है और उसमें न तो कोई बैटरी थी और न ही पीछे कोई तार लगा था क्योंकि इस देश में व्यवस्था बिना करंट के ही झटके देने में माहिर है। दफ़्तर की सहायिका जब भी उन्हें उस बेजान डिब्बे का नॉब घुमाते और कान लगाकर सुनते देखती तो अपनी प्रशासनिक हंसी बिखेरते हुए कहती कि दादा जब इस रेडियो में न सेल हैं न तार तो रोज़ दोपहर को इस कड़कती धूप में यहाँ आकर क्या सुनने का नाटक करते हो। रामसेवक दादा अपनी सफेद मूंछों पर वैसे ही हाथ फेरते जैसे नेता चुनाव जीतने के बाद जनता के सपनों पर फेरता है और एक गहरी सांस लेकर कहते कि बेटी इसमें कोई फिल्मी गाना या सरकारी भजन नहीं आ रहा है बल्कि इसमें इस पूरे जिले की अंधी और बहरी व्यवस्था की वो धड़कन बज रही है जिसे तुम जैसे फाइलों के कीड़े कभी सुन ही नहीं सकते क्योंकि तुम्हारी सुनने की शक्ति तो साहब की जी हुज़ूरी में ही खर्च हो जाती है। आसपास से गुजरने वाले ग्रामीण और पंचायत के पंच उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है मासाब की उम्र का असर दादा पर भी हो गया है जो बिना बिजली के डिब्बे से वैसी ही खबरें निकालना चाहते हैं जैसी बिना काम किए सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाती है। रामसेवक दादा बिना किसी की बात पर ध्यान दिए उस पुराने ट्रांजिस्टर को अपनी सूती चादर के कोने से वैसे ही जतन से पोंछते जैसे कोई चपरासी साहब की मेज पोंछता है और चुपचाप अपने कान को उसके स्पीकर के पास सटाकर बैठ जाते थे।



ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक कार्यालय तक हर कोई इस बात से वैसे ही हैरान था जैसे कोई बिना रिश्वत के काम होने पर होता है कि आखिर उस बिना तार के मूक रेडियो के भीतर ऐसा क्या राज बंद था जिसे रामसेवक दादा अपनी जान से ज्यादा संभालकर रखते थे। पंचायत का सचिव जब भी अपनी चमचमाती मोटरसाइकिल से आता जिसकी चमक जनता के टैक्स से और भी निखर गई थी तो दादा उसके सामने वैसे ही हाथ जोड़कर खड़े हो जाते जैसे प्रजातंत्र में मतदाता उम्मीदवार के सामने खड़ा होता है। सचिव चिढ़कर अपनी फाइलें संभालता जो शायद रिश्वत के वजन से भारी थीं और गुस्से में कहता कि अरे बूढ़े जब तक कागज़ों की जांच पूरी नहीं होगी और सत्यापन रिपोर्ट ऊपर से नहीं आएगी तब तक तुम्हारा काम नहीं होगा और तुम इस मूक डिब्बे को लेकर वैसे ही चक्कर काटते रहोगे जैसे फाइलों का पहिया घूमता है। दादा बिना कोई प्रतिवाद किए उस लाल ट्रांजिस्टर को अपनी गोद में समेटते और गांव की कच्ची पगडंडी पर चुपचाप अपने कदम बढ़ा देते क्योंकि उन्हें पता था कि व्यवस्था की सड़क अभी बननी बाकी है। गांव के नौजवान आपस में खुसर पुसर करते कि शायद दादा का कोई पुराना मुआवजा अटका है या फिर वे जमीन के किसी विवाद में सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं लेकिन किसी को भी उस सूखे रेडियो और सरकारी फाइलों के बीच छुपे उस कड़वे सच का जरा सा भी सुराग नहीं मिल पा रहा था जैसे किसी को सरकारी बजट का असली ठिकाना पता नहीं चलता।

एक दिन अचानक ब्लॉक के नए विकास अधिकारी यानी बीडीओ साहब गांव में चल रही विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जो असल में अपनी फोटो खिंचवाने का एक सरकारी बहाना था। उनके साथ पंचायत की पूरी टीम और मीडिया के लोग वैसे ही चल रहे थे जैसे शादी में बाराती चलते हैं और हर मोड़ पर साहब की ऐसी तस्वीरें खींच रहे थे जैसे वे स्वयं साक्षात विकास के देवता हों। बीडीओ साहब ने जब आंगनवाड़ी केंद्र के बाहर रामसेवक दादा को उस बेजान लाल रेडियो को कान से लगाए देखा तो अपनी सहृदयता का वैसा ही प्रदर्शन करने के लिए उनके पास पहुंच गए जैसा चुनाव से पहले प्रत्याशी करता है। बीडीओ साहब ने बड़े बड़प्पन से पूछा कि बाबा आप इस बिना बैटरी वाले रेडियो में इतनी शिद्दत से क्या सुनने की कोशिश कर रहे हैं क्या आपको केंद्र से कोई मुफ्त राशन या पेंशन नहीं मिल रही है जिसके लिए हमने कागज़ों पर पूरा प्रबंध कर रखा है। रामसेवक दादा ने बहुत शांत भाव से उस लाल ट्रांजिस्टर को दोनों हाथों में उठाया और बीडीओ साहब के सामने फैलाते हुए बोले कि साहब जी जरा इसके पिछले हिस्से के ढक्कन को खोलकर देखिए और बताइए कि इसमें क्या दिखाई दे रहा है क्योंकि बाहर की चमक तो आप रोज़ फाइलों में देखते ही हैं। साहब ने अचंभित होकर जैसे ही प्लास्टिक का वो ढक्कन हटाया तो उनकी आंखें वैसे ही फटी की फटी रह गईं जैसे कोई घोटाला अचानक खुल जाने पर होती है क्योंकि उसके अंदर कोई सर्किट या कलपुर्जा नहीं था बल्कि लाल स्याही से लिखा एक पुराना सरकारी आदेश और एक सूखा हुआ फूल दबा रखा था जो व्यवस्था की तरह ही बेजान हो चुका था।

बीडीओ साहब ने जब उस कागज़ को ध्यान से पढ़ा तो उनके हाथ वैसे ही कांपने लगे जैसे पकड़ में आए भ्रष्ट बाबू के कांपते हैं और चेहरे का रंग सरकारी सफेदी जैसा उड़ गया। उस आदेश पत्र पर लिखा था कि तीन साल पहले रामसेवक दादा के इकलौते दिव्यांग पोते को सरकारी योजना के तहत एक डिजिटल सुनने वाली मशीन दी जानी थी लेकिन बाबुओं की घूसखोरी और ढिलाई के कारण वह मशीन कभी उन तक नहीं पहुंची क्योंकि मशीन की आवाज़ शायद किसी की जेब के सिक्कों में दब गई थी। रामसेवक दादा की आंखों से आंसुओं के दो मोटे कतरे ढलककर उस सूखे फूल पर गिर पड़े और वे रूंधे गले से बोले कि साहब तीन साल पहले जब मेरा पोता बीमार पड़ा तो उसने इसी आंगनवाड़ी केंद्र के बाहर इस उम्मीद में दम तोड़ दिया कि आज उसकी सुनने की मशीन आएगी और वह अपने दादा की आवाज सुन सकेगा पर आपकी मशीनें तो केवल नेताओं के भाषण ही सुनती हैं। यह लाल रेडियो उसी का खिलौना था जो अब इस बहरे प्रशासन का प्रतीक बन चुका है। मैं रोज़ यहाँ आकर इस बेजान डिब्बे को कान से इसलिए लगाता हूँ ताकि इस बहरे प्रशासन को बता सकूँ कि जब तक गरीबों की सुनवाई नहीं होगी तब तक तुम्हारी ये सारी सरकारी योजनाएं इसी बिना तार के मूक रेडियो की तरह खोखली और बेजान बनी रहेंगी जिसमें शोर तो बहुत है पर संवाद की कोई बैटरी नहीं है। यह सुनते ही बीडीओ साहब के हाथ से वह ढक्कन छूटकर जमीन पर गिर पड़ा और पूरे आंगनवाड़ी परिसर में ऐसा सन्नाटा छा गया जिसने वहां खड़े हर जिम्मेदार अफ़सर के जमीर को वैसी ही चपत लगाई जैसी हकीकत के सामने आने पर झूठी शान को लगती है।

## पाठकों में फिर से रूचि जगाना: किताबों को फिर से बैठक कक्ष में जगह देना

भारत में शिक्षा पर चर्चा लंबे समय से पहुँच पर केंद्रित रही है - यानि स्कूलों तक, किताबों तक, डिजिटल संसाधनों तक पहुँच। ये चीजें बहुत जरूरी हैं, लेकिन जब हम भारतीय शिक्षा के एक नए चरण की दहलीज पर खड़े हैं, तो हमारे सामने एक और इतना ही जरूरी सवाल है:

यह ऐसा सवाल है - जो सुनने में तो आसान लगता है, लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं - जिसने राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय (आरईपी) या राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की शुरुआत की। इस प्लेटफ़ॉर्म की परिकल्पना केवल एक डिजिटल संग्रहालय के रूप में नहीं, बल्कि घर, स्कूल और समुदाय के स्तर पर भारत की पढ़ने की संस्कृति को समृद्ध करने के जीवंत प्रयास के रूप में की गयी थी।

आज, आरईपी में 23 भाषाओं में 7,000 से ज्यादा चयनित किताबें मौजूद हैं, जो सैकड़ों प्रकाशकों के साथ साझेदारी में विकसित की गई हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विज़न के अनुरूप हैं। लेकिन इसका उद्देश्य कभी भी एक ऐसा संग्रह बनाना नहीं था, जो लगातार बढ़ता ही जाए। इसके पीछे एक सोच-समझकर अपनाया गया तरीका है: एक ऐसा संग्रह बनाए रखना, जो चयनित, प्रासंगिक और जीवंत हो - जिसे लगातार अद्यतन किया जाता है, जिसमें महत्वपूर्ण किताबें जोड़ी जाती हैं और अप्रासंगिक किताबों को हटाया जाता है। पैमाना मायने रखता है, लेकिन प्रासंगिकता, गुणवत्ता और लगातार जुड़ाव अधिक महत्वपूर्ण हैं।

भारत के कई बच्चों के लिए - खासकर ग्रामीण, अर्ध-शहरी और पिछड़े क्षेत्रों में - पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य किताबों तक पहुंच एक बड़ी चुनौती है। सबसे नज़दीकी किताब की दुकान कई किलोमीटर दूर हो सकती है। स्कूल के पुस्तकालय में या तो किताबें पुरानी होती हैं या स्कूल अवधि के बाद उपलब्ध नहीं होती हैं। इन बच्चों के पास कल्पना तो है, लेकिन पठन-सामग्री मौजूद नहीं है।

राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय इस कमी को पूरा करता है: एक बच्चा, चाहे वह कहीं भी रहता हो या उसके परिवार का आय स्तर कुछ भी हो, अब अपने घर में पहले से मौजूद उपकरण के जरिए हजारों किताबों के पुस्तकालय तक पहुँच सकता है। बच्चे कभी भी और कहीं भी इन किताबों को पढ़ सकते हैं। यह हिंदी और अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में किताबों पढ़ने का भी अवसर देता है।

लेकिन यह समझना भी उतना ही ज़रूरी है कि यह पहल असल में क्या नहीं है। यह छोटे बच्चों को ज्यादा समय तक स्क्रीन के सामने बिठाने का प्रयास नहीं है। यह परिवारों के लिए एक आमंत्रण है कि वे अपने पास मौजूद उपकरणों का अधिक सार्थक उपयोग करें - उस समय को साझा और समृद्ध अनुभव में बदलें, जो अन्यथा निष्क्रिय होकर, अकेले बैठकर या हानिकारक स्क्रॉलिंग या चीजें देखने में बीत जाता है।

राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय का उद्देश्य प्लेटफॉर्म के आयामों से कहीं अधिक गहरा है: इसका मकसद पढ़ने की आदत को फिर से घर के बैठक कक्ष में लाना है। पढ़ना सिर्फ एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं है। यह एक सामाजिक और भावनात्मक गतिविधि भी है। जब परिवार के सदस्य या दोस्त साथ में पढ़ते हैं, तो वे बातचीत, सहानुभूति और सोचने-समझने के लिए जगह बनाते हैं - यह साथ मिलकर ध्यान देने का एक ऐसा गुण है, जो ऐप-सूचना और रोज़मर्रा की ज़रूरतों में बंटी ज़िंदगी में अब कम ही देखने को मिलता है। इस बारे में हुए अध्ययन लगातार बताते हैं कि जिन बच्चों को पढ़कर सुनाया जाता है और जो अपने आस-पास बड़ों को पढ़ते हुए देखते हैं, उनमें न सिर्फ़ पढ़ने-लिखने की बेहतर समझ विकसित होती है, बल्कि उनकी अंदरूनी दुनिया भी ज़्यादा समृद्ध होती है।

विजय शर्मा के नेतृत्व में बस्तर तिरंगा यात्रा ने अंदरूनी इलाकों में दिया राष्ट्रभक्ति और शांति का नया संदेश

# नक्सलगढ़ में गूंजा भारत माता का जयघोष, तिरंगे के साथ पहुंची राष्ट्रभक्ति की लहर

राजकुमार कोण्डागुरला

**बीजापुर 17 अगस्त।** कभी नक्सल हिंसा और भय के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर के अंदरूनी इलाकों में शुक्रवार को तिरंगे की शान और राष्ट्रभक्ति का जोश नजर आया। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में निकली 'बस्तर तिरंगा यात्रा-2026' ने अति दुर्गम क्षेत्रों में प्रसिद्ध कर्रेगुट्टा पहाड़ी तक पहुंचकर राष्ट्रीय एकता, शांति और विकास का संदेश दिया, जहां कभी माओवादी हिंसा के लिए विख्यात रहा है।तिरंगा हाथों में लिए बाइक सवारों का काफिला जब बस्तर के अंदरूनी इलाकों से गुजरा तो 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिला बाइकर्स, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने यात्रा में सहभागिता की।



### मिनी स्टेडियम से शुरू हुई यात्रा, शहीद स्थलों तक पहुंचा कारवां

बस्तर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बीजापुर के मिनी स्टेडियम से हुआ। यात्रा के दौरान आवापल्ली टी-प्वाइंट, मुरकीनार सहित विभिन्न शहीद स्मृति स्थलों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहीद जवानों को नमन किया और शहीद परिवारों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया।

आवापल्ली टी-प्वाइंट स्थित शहीद स्मृति द्वार पर शहीद जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शहीदों के नाम पर पौधरोपण भी किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 'एक पेड़ शहीदों के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपकर वीर जवानों के बलिदान को याद किया। वहीं मांझी चालकी से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### शहीदों के शहादत स्थल की मिट्टी को सहेजने की पहल

यात्रा के दौरान शहीद स्थलों से श्रद्धापूर्वक मिट्टी संग्रहित करने की पहल भी की गई। शहीद जवानों के परिजनों ने शहादत की भूमि की मिट्टी पुलिस अधीक्षक को सुरक्षित रखने के लिए सौंपी। इस पहल का उद्देश्य शहीदों की स्मृतियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

मुरकीनार में भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सीआरपीएफ जवानों ने नक्सली घटनाओं से जुड़े घटनाक्रम और शहीद जवानों की वीरता के दृष्टांत साझा किए। माहौल भावुक हो उठा और उपस्थित लोगों ने वीर जवानों के बलिदान को नमन किया।

## तर्रेम में महेश गागड़ा ने किया तिरंगा यात्रा का स्वागत



बस्तर तिरंगा यात्रा के तारेम पहुंचने पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने तिरंगा यात्रियों का स्वागत किया और स्वयं यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति के इस अभियान में सहभागिता की।गागड़ा ने कहा कि जिन इलाकों को कभी नक्सलवाद, भय और हिंसा के कारण जाना जाता था, आज उन्हीं क्षेत्रों में तिरंगा शान से लहरा रहा है और भारत माता के जयकारे गूंज रहे हैं। उन्होंने इसे बस्तर में बदलते वातावरण और मजबूत होते शांति के विश्वास का प्रतीक बताया।

### तिरंगा देश की आन, बान और शान- सांसद

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से बस्तर में शांति, विकास और विश्वास का वातावरण मजबूत हो रहा है। तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और यह यात्रा शहीदों के त्याग को नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दे रही है।

### अंदरूनी इलाकों में पहुंचा 'नए बस्तर' का संदेश

बस्तर तिरंगा यात्रा के दौरान जगरगुंडा, सिलगेर, तर्रेम, बासागुड़ा, आवापल्ली सहित नक्सल प्रभावित रहे अनेक अंदरूनी इलाकों से तिरंगा यात्रा गुजरी। रास्तेभर लोगों में यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला।

महिला बाइकर्स सहित युवाओं की भागीदारी ने यात्रा को खास बनाया। तिरंगे के साथ बाइक सवारों का काफिला जब गांवों और दुर्गम क्षेत्रों से निकला तो यह दृश्य बस्तर की बदलती तस्वीर का संदेश देता नजर आया। शहादत को सम्मान और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का अभियान'बस्तर तिरंगा यात्रा-2026' को केवल बाइक रैली तक सीमित नहीं रखा गया है। यात्रा का उद्देश्य नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के साथ युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना और बस्तर में शांति, विश्वास एवं विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।यात्रा के दौरान शहीद स्थलों पर श्रद्धांजलि, पौधरोपण, शहीद परिवारों का सम्मान, युवाओं से संवाद, नशामुक्ति एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### तिरंगे के साथ दिया बदली तस्वीर का संदेश

बस्तर के उन इलाकों में जहां कभी बंदूक और हिंसा का साया दिखाई देता था, वहां आज तिरंगा हाथों में लेकर युवा और आम नागरिक राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। यह यात्रा बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में 'डर से विश्वास और हिंसा से विकास' की ओर बढ़ते बदलाव का संदेश देती दिखाई दी। तिरंगे की शान में निकली इस यात्रा ने साफ संकेत दिया कि बस्तर के गांव अब मुख्यधारा से जुड़कर शांति, विकास और राष्ट्रनिर्माण की राह पर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।'बस्तर तिरंगा यात्रा-2026' ने आज अंदरूनी बस्तर की धरती पर सिर्फ तिरंगा नहीं लहराया, बल्कि शहीदों की शहादत को नमन करते हुए नए, शांत और विकसित बस्तर का संदेश भी बुलंद किया।

---

**एक नजर**

### डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ोतरी की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर, 17 अगस्त।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में इंटर्न एवं पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर लगातार 12 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बस्तर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से इंटर्न डॉक्टरों ने मुलाकात कर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चिकित्सको की परेशानियों को समझते हुए कहा कि बहुत कम है, इस मामले को लेकर जल्द ही सीएम से मिलकर इसके लिए कोई निर्णायक फैसला लिया जाएगविदित हो कि इंटर्न डॉक्टर 12 दिनों से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। जिसमें इंटर्न का कहना है कि इंटर्न और पीजी डॉक्टरों का शोषण बंद किया जाए। छत्तीसगढ़ में पीजी स्टाइपेंड 67 हजार 5 सौ है जो सबसे कम है। जबकि छत्तीसगढ़ में इंटर्न को 15 हजार 900 है। इंटर्न और पीजी के स्टाइपेंड में अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है। इंटर्न चिकित्सकों ने अपने मांग को लेकर अलग अलग तरीके से विरोध कर चुके है। जिसमे काली पट्टी से लेकर, स्लोगन, बाइक रैली, नुक्कड़ से लेकर कलेक्टर तक को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध जता चुके है, इसके अलावा माँ दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर में पत्र लिखकर मांग पूरी करने की अर्जी भी लगाए है।

### भोला कश्यप प्रकरण ने बस्तर की स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी पर उठाए गंभीर सवाल : नवनीत चाँद

**जगदलपुर।** करकापाल के बड़ेपारा निवासी 28 वर्षीय आदिवासी मजदूर भोला कश्यप के परिजनों के अनुसार टीबी के उपचार के बाद उसके ब्रेन में पानी भरने की बात कहकर डिमरापाल स्थित कोंटिनेंटल अस्पताल में 9 अगस्त को ब्रेन ऑपरेशन किया गया। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद भोला को होश नहीं आया और गंभीर स्थिति में 13 अगस्त की रात विशाखापत्तनम ले जाना पड़ा, जहां उसका उपचार जारी है। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद ने कहा कि परिजनों के आरोपों को जांच से पहले सही या गलत घोषित नहीं किया जा सकता, लेकिन एक गरीब आदिवासी मरीज के उपचार में इतना गंभीर घटनाक्रम सामने आने के बाद निष्पक्ष मेडिकल जांच अनिवार्य है।टीबी के उपचार से ब्रेन सर्जरी तक पहुंचने का चिकित्सकीय आधार क्या था? ऑपरेशन से पहले MRI/CT एवं अन्य जांचों की स्वतंत्र न्यूरोसर्जिकल समीक्षा हुई या नहीं? ऑपरेशन किस विशेषज्ञ ने किया? क्या वैध Informed Consent लिया गया? ऑपरेशन के समय एनेस्थीसिया, ICU और क्रिटिकल केयर की आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध थी? मरीज के संपूर्ण मेडिकल रिकॉर्ड में उपचार का प्रत्येक चरण दर्ज है या नहीं? साथ ही स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों को बताना चाहिए कि अस्पताल की विशेषज्ञ सेवाओं, मानव संसाधन, मरीज शिकायतों तथा PPP अनुबंध की शर्तों के अनुपालन की नियमित निगरानी किस स्तर पर हुई।

---

बैलाडीला में एनएमडीसी की खदानों के नीचे बसे एक दर्जन से अधिक गांवों में तालपेरू नदी के दूषित पानी से खेत बंजर और मवेशियों की मौत का आरोप

## सरकार का दावा लाल आतंक समाप्त पर लाल जहर अब भी आदिवासियों के लिए मुसीबत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बैलाडीला, 17 अगस्त।** सरकार भले ही बस्तर में लाल आतंक समाप्त होने का दावा कर रही हो, लेकिन दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल क्षेत्र में आदिवासी ग्रामीणों की जिंदगी अब भी कई मुश्किलों से घिरी है। यहां एनएमडीसी की लौह अयस्क खदानों के नीचे बसे एक दर्जन से अधिक गांव आज भी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन से निकलने वाला लाल रंग का अपशिष्ट और वेस्टेज तालपेरू नदी के पानी को दूषित कर रहा है, जिससे खेत बंजर होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक नदी और आसपास जमा लाल पानी की दलदल में फंसकर मवेशियों की मौत हो रही है। कई मवेशी कथित तौर पर दूषित पानी पीने के बाद भी मर चुके हैं। गांव के लोग खेती और शिकार के सहारे जीवन यापन करते हैं, ऐसे में पानी और जमीन का प्रदूषण उनके सामने सीधे रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर रहा है।



### दो साल से टूटा पुल, उफनती नदी पार करने की मजबूरी

ग्रामीणों के आवागमन के लिए नक्सलियों के तथाकथित 'जनताना सरकार' द्वारा बनाया गया पुल कभी एकमात्र सहारा था। ग्रामीणों के अनुसार यह पुल पिछले करीब दो वर्षों से जर्जर होकर टूट चुका है। बरसात में तालपेरू नदी और नालों का जलस्तर बढ़ने के बाद एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क लगभग कट जाता है। मजबूरी में ग्रामीण उफनती नदी पार कर आवागमन करते हैं।शिक्षा की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। ग्रामीणों के अनुसार कक्षा 4 में पढ़ने वाला छात्र रमेश माड़वी, पिता बामन माड़वी, अपने गांव से नदी पार कर करीब 40 किलोमीटर पैदल चलकर गंगालूर बालक आश्रम पहुंचा। यह दूरी बताती है कि दुर्गम गांवों के बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंचना कितना कठिन है।

### आजादी के 79 साल बाद पहली बार फहराया तिरंगा

ग्रामीणों के अनुसार 15 अगस्त 2026 को इन गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया गया। आजादी के 79 वर्ष बाद राष्ट्रीय पर्व पर पहली बार तिरंगा फहराया जाना इन इलाकों की दशा और सरकारी पहुंच पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाएं आज तक उनके गांवों तक नहीं पहुंच पाईं। न हस्ब्ष्ट के अधिकारी उनकी सुध लेने पहुंचे और न ही प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान किया। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि यदि लाल आतंक समाप्त हो गया है, तो उनके गांवों तक सड़क, स्कूल, अस्पताल, बिजली और स्वच्छ पानी कब पहुंचेगा इन गांवों की कहानी सिर्फ विकास से वंचित रहने की नहीं, बल्कि खनन, प्रदूषण, टूटी कनेक्टिविटी और सरकारी योजनाओं की पहुंच के बीच फंसी आदिवासी जिंदगी की कहानी भी है। अब ग्रामीणों की मांग है कि तालपेरू नदी के पानी और खेतों की वैज्ञानिक जांच कराई जाए, मवेशियों की मौत की जांच हो और टूटे पुल का स्थायी निर्माण कराया जाए।

कक्षा 4 में पढ़ने वाला छात्र रमेश माड़वी, पिता बामन माड़वी, अपने गांव से नदी पार कर करीब 40 किलोमीटर पैदल चलकर गंगालूर बालक आश्रम पहुंचा ।

---

### कर्मचारी कल्याण साख समिति में 3 करोड़ के गबन मामले में प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**जगदलपुर, 17 अगस्त।** जिले के स्थित कंगोली की 5वीं वाहिनी सशस्त्र बल के कर्मचारी कल्याण साख समिति में 3 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता और गबन के मामले में पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। इस मामले में परपा पुलिस ने आज रविवार को एक और प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। वित्तीय मामलों से जुड़े प्रधान आरक्षक संजय चौहान को पूछ-ताछ के बाद संदिग्ध पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इससे पहले 29 जुलाई को कल्याण साख समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान आरक्षक शिवकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। अब संजय चौहान की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या दो हो गई है। बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि 5वीं वाहिनी कर्मचारी कल्याण साख समिति में वर्ष 2012 से 2021 के बीच लोन खातों और जमा राशि में कथित हेरा-फेरी की शिकायत परपा थाने में दर्ज हुई थी।

---

## वंदे मातरम्' के अपमान के विरोध में सड़क पर दिखा युवा आक्रोश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 अगस्त।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने बीजापुर जिला मुख्यालय में विशाल मशाल यात्रा निकाली। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

### अटल जी को श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यकर्ताओं ने अटल जी के राष्ट्रवाद और जनसेवा के विचारों को याद करते हुए देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।



### मशाल और तिरंगे के साथ निकली यात्रा

मशाल यात्रा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होकर तहसील चौक होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय तक पहुंची। हाथों में तिरंगा और प्रज्वलित मशालें लिए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत के सम्मान में नारे लगाए। इस दौरान 'राष्ट्रगीत का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे नारों से शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रगीत देश के स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और राष्ट्रभावना से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के लिए राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान सर्वोच्च है और राष्ट्रगीत के प्रति किसी भी प्रकार का अनादर स्वीकार नहीं किया जाएगा।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, दया शंकर पटेल, भाजयुमो जिला प्रभारी वीरेश मिश्रा, हरिहर साहनी, अशोक राव, जिलाराम राना, गोलू नाग, जागर लक्ष्मइया, उर्मिला तोकल, संदीप तेलम, गीता सोम, मैथियस कुजूर, बसंती लिंगम, पूजा पोंदी, दीपक भट्ट, अरविंद पुजारी, हितेश साहनी, दीपेश यालम सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## टीईटी, पुरानी पेंशन और पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीजापुर पहुंचे बस्तर सांसद महेश कश्यप से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

मोर्चा के जिला सह-संचालक कैलाश रामटेके के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में टीईटी, पुरानी पेंशन एवं पदोन्नति से संबंधित मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून वर्ष 2010 से लागू हुआ है। इसके बावजूद 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में निर्देश दिए जा रहे हैं।मोर्चा पदाधिकारियों का कहना है कि किसी भी कानून को सामान्यतः उसके लागू होने की तिथि से प्रभावी किया जाना चाहिए। ऐसे में दशकों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों पर पूर्वव्यापी रूप से टीईटी लागू करना उचित नहीं है। इससे देशभर के करीब 25 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों के भविष्य को लेकर चिंता की स्थिति निर्मित हुई है। साथ ही शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने तथा सभी प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति प्रदान करने की मांग भी की गई।शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने सांसद महेश कश्यप से शिक्षकों की समस्याओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। सांसद ने शिक्षकों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विषयों पर चर्चा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जिला राम राना सहित मोर्चा के पदाधिकारी अलीम रिजवी, विजय चापड़ी, मोहसिन खान, ओनेश्वर झाड़ी, बुधरूराम कोरसा एवं लच्छिन्दर हेमला उपस्थित रहे।

---

## ई-रिक्शा में क्यूआर कोड़ लगाने की प्रक्रिया शुरू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 17 अगस्त।** दुर्ग पुलिस ने यातायात को सुरक्षित व डिजिटल बनाने की दिशा में अपूर्व पहल की है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने ऑटो और ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने की प्ररिया का शुभारंभ किया इसके साथ ही ऑटो पंजीयन पोर्टल भी शुरू किया गया दुर्ग पुलिस का लक्ष्य आगामी एक सप्ताह में जिले के सभी ऑटो और ई-रिक्शा का शत-प्रतिशत डिजिटल पंजीयन पूरा करना है पंजीयन के बाद प्रत्येक वाहन को एक यूनिक क्यूआर कोड मिलेगा इसे स्कैन करते ही वाहन व चालक की जानकारी पुलिस के रेकॉर्ड में सुरक्षित रहेगी स्वास्थ्य किसी घटना या आपात स्थिति में क्यूआर कोड से वाहन और चालक की पहचान में पुलिस को त्वरित सहायता मिल सकेगी दुर्ग ऑटो को क्यूआर कोड से डिजिटल रजिस्टर करने वाला छत्तीसगढ़ का तीसरा जिला बनेगा दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने कहा कि यह व्यवस्था केवल चालकों की सुविधा नहीं, आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर शुरू की गई है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेन्द्र देव पटेल ने सभी ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है यातायात पुलिस आगामी सात दिनों तक विशेष अभियान चलाकर पंजीयन पूरा कराएगी दुर्ग पुलिस ने चालकों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है



---

## बालक आश्रम जांगला के छात्र लस्कर वेट्टी की मलेरिया से मौत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर/भैरमगढ़ 17 अगस्त।** बालक आश्रम जांगला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र लस्कर वेट्टी का आज डिमरापाल स्थित बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। दोपहर करीब 1 बजे छात्र ने अंतिम सांस ली। छात्र के निधन की खबर से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर है।

मृतक छात्र लस्कर वेट्टी, पिता प्रमोद वेट्टी, ग्राम हितुलवाड़ा, तहसील भैरमगढ़, जिला बीजापुर का निवासी था। वह बालक आश्रम जांगला में रहकर पढ़ाई कर रहा था।



### करीब एक सप्ताह से था बुखार

परिजनों के मुताबिक छात्र को करीब एक सप्ताह से बुखार की शिकायत थी। आरोप है कि इस दौरान उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन परिजनों को समय रहते स्थिति की जानकारी नहीं दी गई।बताया गया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे छात्र को उसके घर भेजा गया। इसके बाद परिजन उसे तत्काल बीजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया।

### गंभीर मलेरिया के बाद बिगड़ी हालत

परिजनों के अनुसार डिमरापाल अस्पताल में चिकित्सकों ने छात्र को गंभीर मलेरिया से पीड़ित बताया था। संक्रमण के मस्तिष्क तक पहुंचने के कारण उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार के बावजूद सोमवार दोपहर करीब 1 बजे छात्र की मौत हो गई।

### आश्रम प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल

छात्र की मौत के बाद परिजनों ने बालक आश्रम जांगला के अधीक्षक संदीप टोप्पो की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि छात्र की तबीयत खराब होने की जानकारी उन्हें समय रहते नहीं दी गई। उनका कहना है कि यदि बीमारी और गंभीर स्थिति की सूचना पहले मिल जाती तथा छात्र को समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उपचार जल्द शुरू कराया जा सकता था।छात्र की मौत ने दूरस्थ आदिवासी अंचलों में संचालित आश्रमों में बच्चों के स्वास्थ्य, निगरानी और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### जांच की मांग

परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि छात्र की तबीयत बिगड़ने से लेकर अस्पताल पहुंचने तक की परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल छात्र की मौत के वास्तविक कारणों, आश्रम स्तर पर हुई कार्रवाई और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट को लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

---

## 112 का शीशा तोड़ा,4 लोग गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 17 अगस्त।** दुर्ग डायल 112 वाहन में पत्थर मारकर शीशा तोड़ने के मामले में पाटन थाने पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है चारों युवकों को ग्राम दैमार में पुलिस की मौजूदगी में जुलूस भी निकाला गया मामला दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में ग्राम दैमार का है? जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों एक कॉल मिलने पर डायल 112 की टीम दैमार पहुंची थी। पुलिसकर्मियों ने वाहन को गली में खगई पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की इसके बाद दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पाटन पुलिस चारो युवकों को ग्राम दैमार लेकर पहुंची जहां गांव में उनका जुलूस निकाला गया पुलिस की कार्रवाई से शासकीय वाहन में तोड़फोड़ किया और पीड़ित के घर पूछताछ एवं पता-साजी के लिए चले गए। इसी दौरान चार युवकों ने डायल 112 वाहन पर पत्थर मारकर उसके शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया? घटना की सूचना पाटन थाना पुलिस को मिलने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया? चारों आरोपियों में टिकेश्वर यादव ( 20 साल ) ग्राम देमार, त्रिसांत ठाकुर ( 18 साल ) ग्राम देमार, डोमन यादव ( 22 साल ) संतोष ठाकुर ( 19 साल ) ग्राम देमार शामिल है।

कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम में उत्कृष्ट कार्य के लिए

# मुख्यमंत्री ने गरियाबंद एसडीओपी निशा सिन्हा को मुख्यमंत्री पुरस्कार से किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, नाबालिग बालक-बालिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों के विरुद्ध होने वाले अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम और ऐसे मामलों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय गरियाबंद की अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) सुश्री निशा सिन्हा का वर्ष 2025 के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया था।




सुश्री निशा सिन्हा को समाज के कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशील पुलिसिंग एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना के साथ-साथ जिले के लिए भी गौरव का विषय है। एसडीओपी सुश्री निशा सिन्हा को मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर कलेक्टर श्री बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि सुश्री निशा सिन्हा को मिला यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और संवेदनशील मामलों में प्रभावी कार्रवाई का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान करना प्रशासन और पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह पुरस्कार जिले के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सुश्री निशा सिन्हा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विशेष रूप से कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों से संबंधित मामलों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में उनके कार्य सराहनीय रहे हैं। मुख्यमंत्री पुरस्कार से उनका सम्मानित होना पूरे गरियाबंद पुलिस परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सुश्री निशा सिन्हा को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कचरे में संभावना तलाशने वाली अर्चना की सोच अब राष्ट्रीय मंच पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 अगस्त।** जिस प्लास्टिक को लोग अक्सर अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं, उसी प्लास्टिक में संभावना तलाशने वाली पीएम श्री सेजेस धरमजयगढ़ की कक्षा 11वीं की छात्रा अर्चना एक्का ने अपने नवाचार से नई मिसाल कायम की है। अर्चना की परियोजना 'ईको ब्रिक बैंक- प्लास्टिक कचरे को उपयोगी उत्पादों में बदलना' का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि आर्चना की रचनात्मक सोच, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और समस्या के व्यावहारिक समाधान तलाशने की क्षमता को दर्शाती है।

## राज्य स्तरीय मंच से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा नवाचार

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अर्चना ने दुर्ग स्थित छत्रपति शिवाजी प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईटी) में आयोजित राज्य स्तरीय मार्गदर्शन सत्र में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व किया। यहां उन्होंने विशेषज्ञों एवं मार्गदर्शकों के समक्ष अपने नवाचार का प्रतिरूप प्रस्तुत किया। मार्गदर्शन के दौरान मिले सुझावों के आधार पर उन्होंने परियोजना में आवश्यक सुधार किए। पर्यावरण से जुड़ी वास्तविक समस्या के समाधान की दिशा में किए गए इस प्रयास और इसकी उपयोगिता को देखते हुए उनके प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया।

## प्लास्टिक कचरे से बनाया उपयोगी संसाधन

'ईको ब्रिक बैंक' परियोजना का मूल विचार फेंके गए प्लास्टिक को एकत्रित कर उसका पुनः उपयोग करते हुए टिकाऊ और उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करना है। इसके माध्यम से प्लास्टिक कचरे से फर्नीचर सहित विभिन्न उपयोगी उत्पाद तैयार करने की संभावनाओं पर काम किया गया है। अर्चना का यह नवाचार विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के बेहतर प्रबंधन की दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है। परियोजना के माध्यम से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने, बल्कि लोगों में कचरे के पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है।आर्चना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्गदर्शक अनामिका लहरे के निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को देती हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य हकीम उल्लाह खान और व्याख्याता रवि कुमार यादव ने भी उनके नवाचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। विद्यालय में विद्यार्थियों को नवाचार, प्रयोग और रचनात्मक गतिविधियों के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। प्राचार्य द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नए विचारों पर काम करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही ऐसा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया है, जहां विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान के लिए पहल कर सकें।

## एक नजर

### आईटीआई खरसिया में प्रवेश के लिए सप्तम चरण की काउंसिलिंग शुरू

**रायगढ़, 17 अगस्त।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर द्वारा आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए सप्तम चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी काउंसिलिंग कार्यक्रम के अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया, जिला रायगढ़ में विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

आईटीआई खरसिया में फिटर, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर एवं कोपा व्यवसायों में उपलब्ध रिक्त सीटों के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 18 अगस्त की रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। अभ्यर्थी विभागीय www.cgiti.admissions.nic.in पोर्टल पर जाकर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी च्वाइस सेंटर के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित काउंसिलिंग कार्यचरण के अनुसार संपन्न की जाएगी। प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए अभ्यर्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

### राजस्व के लंबित प्रकरणों को लेकर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**कांकेर, 17 अगस्त।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज आयोजित समय-सीमा की बैठक में राजस्व विभाग में विभिन्न प्रकरणों के काफी समय से लंबित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगली बैठक में निराकरण नहीं होने का स्पष्ट कारण के साथ उपस्थित होने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों में योजनाओं के तहत एवं निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता की समस्याओं से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा है तथा सभी राजस्व अधिकारी संवेदनशीलता और निष्ठापूर्ण ढंग से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, फौती, बी-वन सहित जाति एवं अन्य प्रकार के प्रमाण-पत्र बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा कहा कि ऐसे प्राथमिकता वाले कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जाति प्रमाण-पत्रों के मामले में कांकेर, नरहरपुर, कोयलीबेड़ा तथा अंतागढ़ तहसील की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए जल्द से जल्द प्रमाण पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि एल-1 तथा एल-2 के अधिकारी समय पर प्रकरणों का निराकरण नहीं करेंगे तो स्वतः एल-3 यानी उच्च कार्यालय को स्वतः हस्तांतरित हो जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी आईडी खोलकर शिकायतों का यथा संभव अपने स्तर पर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

### जगह-जगह किया गया ध्वजारोहण

**अंवरी,17 अगस्त।** जोरातराई अ में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया गया विभिन्न जगहों पर झंडारोहण किया गया प्राथमिक शाला व पंचायत भवन में पूर्णिमा रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष व सरपंच,आंगनवाड़ी क्रमांक 1 में सुदामा राम साहू,पुराना पंचायत भवन में खिलेन्द्र साहू पंच,महात्मा गांधी चौक में ईश्वर निषाद उपसरपंच, महिला मंडल भवन मे कृष्णा भाई साहू व राधिका साहू, साहू समाज भवन में ओम प्रकाश साहू , हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रकाश तारक, माध्यमिक शाला में सावित्री रामेश्वर देवांगन,नवीन प्राथमिक शाला में इंद्र कुमार पाल , उप स्वास्थ्य केंद्र में सेउक राम पाल , आंगनवाड़ी क्रमांक 3 में हरिश्चंद्र तारक, आंगनवाड़ी क्रमांक 2 में बंसीलाल साहू, और गणेश चौक में प्रकाश निषाद द्वारा झंडारोहण किया गया द्य तत्पश्चात सांस्कृति कार्यक्रम हुआ साथ में कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं उसे ग्राम पंचायत द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल दिया गया द्य हाई स्कूल के 9 छात्र छात्राएं संभागीय स्तर के खेलकूद मे भाग लिए है उनको भी प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मान किया गया द्य इसी प्रकार अरविंद साहू पिता नंदकुमार साहू आबकारी इंस्पेक्टर द्वारा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं उसे 3100 रूपये, दसवी मे प्रथम वाले को ?2100 रूपये, आठवीं और पांचवी में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं उसे 1000 , 1000 रुपए किये गए द्य इसी प्रकार डॉक्टर चुम्मन निषाद द्वारा 10वीं और 12वीं में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं उसे 1000 और 500 रुपए प्रदान किये है द्य इसी प्रकार वीरू साहू द्वारा पांचवी आठवीं दसवीं और बारहवीं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं ।

एफआईआर बर्खास्तगी और जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग

# मैनपुर शिक्षाकर्मी महाघोटाला-फर्जी दस्तावेज सर्टिफिकेट पर नौकरी रेवड़ी की तरह बांटी,सरकार की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मैनपुर, 17 अगस्त।** गरियाबंद जनपद पंचायत मैनपुर की वर्ष 2005-2007 शिक्षाकर्मी भर्ती में फर्जी दस्तावेज और दिव्यांग आरक्षण पर डाका डालने का मुद्दा अब सरकार की प्रशासनिक नीयत और जीरो टॉलरेंस के दावों पर सीधा हमला बोल रहा है। फर्जी दस्तावेज फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों और कूट रचित दस्तावेजों के बल पर वर्षों से सरकारी तिजोरी से वेतन ऐंठ रहे कथित फर्जी कर्मियों के मामले में अब जनता का सब्र टूट चुका है। सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी शह पर वास्तविक दिव्यांगों का हक मारकर फर्जी अभ्यर्थियों को नौकरी की रेवड़ी बांटी गई।

वर्षों से शिकायतें धूल फांक रही हैं और जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती का खेल चल रहा है। कार्रवाई करने के बजाय तंत्र जिस तरह से दोषियों को संरक्षण देता रहा, उससे साफ है कि यह सिर्फ एक भर्ती गड़बड़ी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित गिरोह का काम है जिसमें नीचे से ऊपर तक कई रसूखदार शामिल हैं।

## महाघोटाले पर कड़े सवाल और प्रमुख मांगें

सरकारी संरक्षण का अंत हो शिकायतों के बावजूद सालों तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासनिक मिलीभगत की ओर साफ इशारा करता है। इस संरक्षण तंत्र को तुरंत ध्वस्त किया जाए।

## तत्काल बर्खास्त कर एफआईआर और जेल

फर्जीवाड़ा साबित होते ही दोषियों को बर्खास्त कर केवल सेवा समाप्त न की जाए, बल्कि फर्जी दस्तावेज बनाने और बनवाने वालों पर आपराधिक मामला (FIR) दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

वेतन की वसूली की जाएं फर्जी कागजातों के आधार पर अब तक ऐंठी गई पूरी सरकारी तनख्वाह को ब्याज सहित वसूला जाए।

## एसआईटी जांच की मांग

2005 से 2007 के बीच दिव्यांग कोटे से हुई सभी भर्तियों की जांच के लिए एसआईटी एसआईटी का गठन हो, ताकि असली दिव्यांगों को उनका छीना गया हक और न्याय मिल सके।प्रशासन और संबंधित विभाग की लगातार चुप्पी इस घोटाले में उनकी संदिग्ध भूमिका पर मुहर लगा रही है। अगर सरकार ने जल्द इस फर्जीवाड़े पर सख्त कदम नहीं उठाए, तो यह जनआक्रोश सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है।

### कौशल प्रमाण-पत्र प्रदान करने लाइवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा प्रमाणीकरण

**कांकेर, 17 अगस्त।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेव्हीवाय) 4.0 के अंतर्गत कांकेर जिले में रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग के तहत प्रमाणीकरण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसी कोर्स, ट्रेड अथवा व्यवसाय विशेष में पूर्व प्रशिक्षित एवं अनुभवी हितग्राहियों को उनके कौशल का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। जिन हितग्राहियों को अपने पूर्व अर्जित कौशल के लिए कौशल प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है, वे इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए हितग्राहियों का चिन्हांकन कर ऋक्क के अंतर्गत प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, राज मिस्त्री, सोलर पी.वी. इंस्टालर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, डोमेस्टिक आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट तथा जल वितरण संचालक जैसे कोर्स के लिए प्रमाणीकरण किया जाएगा।

# जेसीआई सुपर चैप्टर ऑफ रायपुर ने हर्ष और उल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस




**रायपुर, 17 अगस्त ।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेसीआई सुपर चैप्टर ऑफ रायपुर द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन विमतारा हॉल, शांति नगर, रायपुर में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद विभिन्न चैप्टर के सदस्यों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम में लगभग 350 लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में जेसीआई रायपुर कैपिटल, जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल, जेसीआई रायपुर संस्कार, जेसीआई रायपुर संगवारी, जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल, जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल, जेसीआई रायपुर वमांजलि, जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड, जेसीआई रायपुर उमंग, जे काम एल रायपुर 2.0 एवं जे काम एल रायपुर 1.0 के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय राम अवतार अग्रवाल, अध्यक्ष - अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं उद्योगपति तथा विशिष्ट अतिथि माननीय ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष - महिंद्रा समूह एवं वरिष्ठ समाजसेवी सहित माननीय राजेश अग्रवाल, माननीय अमिताभ दुबे, माननीय अमितेश पाठक एवं माननीय लीना वाडेर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन धरा वीरानी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन भूमिका कर एवं श्रावणी मुकदम ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चैप्टर के सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियां दी गईं।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एकता, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न चैप्टर के सदस्यों को एक मंच पर जोड़ना तथा देशभक्ति, एकता और सामाजिक सेवा की भावना को मजबूत करना रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर पार्षद ने स्कूल को दिए 70 बेंच-डेस्क





**रायपुर, 17 अगस्त।** ठाकुर अनिरुद्ध सिंह शासकीय प्राथमिक शाला, कुशालपुर में आज स्वतंत्रता दिवस बेहद देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद श्री कृष्णा सोनकर (बब्बी) ने स्कूल के बच्चों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 70 डेस्क-बेंच दान में दिए । पार्षद जी ने कहा कि बच्चों को बेहतर माहौल देना हमारी प्राथमिकता है इससे बच्चों को पढ़ाई करने में अधिक सुविधा होगी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, शाला प्रबंधन समिति और शिक्षकों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस अमूल्य सहयोग हेतु पार्षद जी को धन्यवाद दिया । इस कार्यक्रम में शाला के प्रधानाचार्या श्रीमती अन्नपूर्णा महानंद, सेवानिवृत प्रधानाचार्य श्री जे.आर. धीवर, शिक्षाविद् श्री सुभाष सिंह ठाकुर, अध्यक्ष सावित्री धीवर, शिक्षक श्री पूरनदास बंजारे, श्री डॉक्टर प्रसाद साहू, श्रीमती पूजा कतलम समेत वार्ड के सभी गणमान्य नागरिक और सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# अमित कुमार का बर्तन व्यापारी संघ बिलासपुर ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बर्तन व्यापारी संघ बिलासपुर, द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं और व्यक्तित्वों के स्वागत एवं सम्मान का विशेष आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भाटापारा के जाने-माने छत्तीसगढ़िया



कलाकार एवं टी जी बी मीडिया व टीजीबी अमित कुमार यूट्यूब चैनल के संचालक अमित कुमार का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बर्तन व्यापारी संघ बिलासपुर द्वारा विशेष सम्मान किया गया। अमित कुमार को संघर्ष, प्रेरणादायक कहानियों, नामचीन हस्तियों की जीवनी, बायोग्राफी एवं डॉक्यूमेंट्री वीडियो तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संदेश देने वाली शॉर्ट फिल्मों के निर्माण और मीडिया के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विष्णु बडारिया एवं कार्यक्रम के एंकर रामेश्वर अग्रवाल द्वारा अमित कुमार को सम्मानित किया गया।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिला मुख्यालय में किया ध्वजारोहण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 अगस्त।** जिले में 80 वां स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद परेड का निरीक्षण, मार्चपास्ट, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवारों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान किया गया। मुख्य समारोह में राष्ट्रीय गीत, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड द्वारा सलामी, परेड निरीक्षण, मार्चपास्ट एवं हर्ष फायर सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए।



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मां भारती की वंदना और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान सपूतों को नमन करने का दिन है। देश की एकता और अखंडता की गौरवशाली यात्रा से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## शहीदों के परिवारजनों को किया गया सम्मानित

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले परिवारजनों में शहीद आर.स्व. श्री लक्ष्मीनारायण राठिया, शहीद आर.स्व. श्री बीर सिंह श्रीवास, शहीद प्र.आर. श्री राघवराम ओझा, शहीद आर. श्री सुखसाय भगत, शहीद आर. श्री शिव कुमार सिदार, शहीद स्व. श्री तनिकलाल पटेल, शहीद आर.स्व. श्री राजाराम एक्का, शहीद एपीसी स्व. श्री पंचराम भगत, शहीद प्लाटून कमांडर स्व. श्री गीताराम राठिया एवं शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजन शामिल रहे।

देशभक्ति से सराबोर रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्य समारोह में छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल ने प्रथम, सेंट जेवियर्स स्कूल ने द्वितीय तथा लिटिल एंजल स्कूल पुसौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में आदर्श बाल मंदिर स्कूल, विद्या विकास कान्सेप्ट एवं शालिनी मुक्ति प्रकाश स्कूल के प्रतिभागियों की भी सहभागिता रही।

## 147 अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ सम्मान

जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले विभिन्न विभागों के 147 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी सम्मानित अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते हुए जनसेवा के कार्यों को इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सर्वश्रेष्ठ परेड दल सम्मानित

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री अमित सिंह एवं सेकेंड इन कमांड सूबेदार श्री प्रेमचंद के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट किया। पुलिस वर्ग में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 6वीं वाहिनी ने प्रथम, जिला महिला पुलिस बल ने द्वितीय तथा जिला पुलिस बल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गैर-पुलिस वर्ग में एनसीसी सीनियर डिवीजन प्रथम, एनसीसी सीनियर विंग द्वितीय तथा गर्ल्स गाइड तृतीय रहे। विजेता दलों को सम्मानित किया गया।

## साइबर जागृति अभियान के तहत दिया जागरूकता का संदेश

मुख्य समारोह के दौरान वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने साइबर जागृति अभियान के तहत सेल्फी लेकर नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनजान व्यक्तियों के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, आधार नंबर और पासवर्ड साझा न करें। अनजान एपीके लिंक पर क्लिक न करें तथा अनजान व्हाट्सऐप वीडियो कॉल से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि मोबाइल एप केवल आधिकारिक प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

## समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक श्री अरुणधर दीवान, श्री सुरेश गोयल, श्री विजय अग्रवाल, विकास केडिया, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ श्री अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, डॉ प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, शिक्षक, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल एवं श्रीमती रणजीत कौर ने किया।

# एक नजर

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**राजनांदगांव 17 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.), डीएसपी श्री के.पी. मरकाम, साइबर थाना, डीएसबी, डीसीबी, डीसीआरबी/नक्सल सेल, दूरसंचार शाखा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना/चौकी एवं रक्षित केंद्र परिसरों में भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्वक एवं शान से मनाया गया।

## ग्राम देवरी मेनरोड में चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 17 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना दृष्टि हेल्पलाइन प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 16.08.2026 को आमरोड में चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 16.08.2026 को सूचना मिला की 01 आरोपी ग्राम देवरी मेनरोड में धारदार चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। की सूचना पर थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी अंकुश त्रिपाठी को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक धारदार चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्रमांक 467/2026 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- अंकुश त्रिपाठी पिता कौशलेश त्रिपाठी 27 साल डेराबाडी थाना लालापुर जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी गुलाब नगर श्री पार्क जामनगर गुजरात।

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम में महापौर ने किया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम एवं पूर्व महापौर श्री अजीत जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में टाउन हॉल में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आयोजित समारोह में महापौर श्री यादव ने 80वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आजादी को प्राप्त करने के लिए जिन लोगो ने देश में शहादत दिये उन्हें मैं श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ। हमारा देश उत्तरोत्तर प्रगति करे ऐसी कामना करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज हम शहर के लोगो को बेहतर सुविधा देने अपने दयित्वों को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन करने का संकल्प लेकर कार्य करे, ताकि अगले साल के स्वतंत्रता दिवस तक उसका परिणाम दिखे। साथ ही शहर के लोगो का विश्वास निकाय के प्रति बढ़े ऐसा कार्य करने का संकल्प ले।

टाऊन हाल में आयोजित समारोह में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सर्वश्री सावन वर्मा, राजेश जैन रानू, शैकी बग्गा, श्रीमती केवरा राय, श्रीमती वर्षा सिन्हा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमिन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, अपिल समिति के सदस्य श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू व श्री सेवक उके, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, सतीश मसीह, कमलेश बंधे, संजय रजक, मनोहर यादव, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती संगीता देवांगन, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, श्रीमती झामित सेन, अमित कुशवाहा, श्रीमती न्यामत हुड्डा, श्रीमती रीना सिन्हा, श्रीमती चंद्रिका साहू, जैनम बैद, रवि सिन्हा, सतीश साहू, श्रीमती अमृता सिन्हा, अरूण साहू, नामांकित पार्षद श्रीमती करूणा राजपूत, भीष्म देवांगन, सूर्यकांत श्रीवास, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती कीर्ति बोरकर, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद श्री एजाजूल रहमान की उपस्थिति में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रगान जन गण मन तथा राष्ट्रगीत वंदेमातरम के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। साथ ही महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। उसके पूर्व निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। निगम अध्यक्ष श्री वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि 15 अगस्त केवल छुटटी का दिन नही है, बल्कि हमारे वीर शहीदो जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणो को न्यौछावर किए उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि उस दिन की कल्पना करे जब हमारे पूर्वजो ने आजादी दिलाने कुर्बानी दिए। कैसे अंग्रेजो ने देश को लूटा, किस तरह प्रताडित किए और हमारे महापुरूषो ने बलिदान दिए उसे स्मरण करे, उन्ही के कारण आज हम खुली हवा में सास ले रहे है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रेम व भाईचारा बना रहे इसी भावना के साथ उमंग उल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाए।

### स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय मेडिकल कॉलेज में पौधे लगाए गए

# पंचतत्वों के संतुलन और प्रकृति संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित : विधानसभा अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में मौलश्री का पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और प्रकृति के संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक फलदार एवं उपयोगी पौधे लगाने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आजादी की 80 वर्ष की यात्रा पूरी हो चुकी है। भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित राजनांदगांव का मेडिकल कॉलेज सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ और आज प्रदेश में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थान विकसित हुए हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर को हरा-भरा देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रकृति सबसे बड़ी चिकित्सक है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से हमारा जीवन और यह सृष्टि बनी है। प्रकृति हमें अन्न, जल, वायु और सूर्य की ऊर्जा जैसी अमूल्य चीजे निःशुल्क प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन का महत्व कोरोना काल में सभी ने अनुभव किया, जब लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसलिए पेड़ों का संरक्षण और अधिक से अधिक पौधरोपण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बिगडने पर मानव अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। जल को प्रदूषित और वायु को अशुद्ध करने के दुष्परिणाम आज महानगरों में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने भावी चिकित्सकों से प्रकृति संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी भविष्य के डॉक्टर हैं और डॉक्टर मानव जीवन की रक्षा करने वाले महत्वपूर्ण सेवक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के बाद मानव जीवन की रक्षा में डॉक्टर का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाले समय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिक से अधिक कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने पौधरोपण के अवसर पर नागरिकों से स्थानीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधे लगाने का आग्रह किया। उन्होंने आम, जामुन, पीपल, बरगद, आंवला, हर्रा, बहेड़ा, कुसुम आदि उपयोगी पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधे केवल लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने कहा। उन्होंने कहा कि सूर्य की ऊर्जा कभी समाप्त नहीं होने वाली ऊर्जा है और इसका उपयोग स्वच्छ ऊर्जा के रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने का संदेश दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों की प्रतिष्ठा वहां कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों की सेवाभावना से बनती है। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में बेहतर कार्य करने के लिए सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव लाखों लोगों को जीवनदान देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की सेवाभावना की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। महापौर श्री यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में आगामी फिजियोथेरेपी सेंटर के लिए 200 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में इस वर्ष लगभग 10 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। पिछले भीषण गर्मी को देखते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ नागरिकों को अपने घरों में भी फलदार एवं छायादार पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर प्रत्येक नागरिक से पौधरोपण करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नगर पालिक निगम, वन विभाग एवं अन्य माध्यमों से नागरिकों को पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महापौर श्री यादव ने मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधों की बेहतर देखरेख के लिए प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री रमेश पटेल, पार्षद श्री पारस वर्मा, श्री भावेश बैद, आईजी श्री अजय कुमार यादव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पंकज लुका सहित चिकित्सक, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों में अनियमितता के चलते निर्माणाधीन दीवार गिरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 17 अगस्त।** नगर पंचायत एलबी नगर में नव निमर्माणाधी न मुक्तिधाम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष पवित् साहू ने निर्माण कार्यों में ठेकेदार द्वारा की जा रही अनियमितता को लेकर विधायक दलेश्वर साहू के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। कांग्रेस के एलबी नगर मंडल अध्यक्ष श्री साहू का कहना है कि मुक्तिधाम की निर्माणाधीन दीवाल का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण निर्माण के दौरान ही दीवाल ढह गई। इसके अलावा पड़ोसी किसान को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बहुत बड़े भू-भाग को छोड़कर मुक्तिधाम की बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण स्थल का मुआयना करने के दौरान पवित साहू एवं साथियों द्वारा नगर पंचायत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में एलबी नगर, नगर पंचायत के सीएमओ श्री पांडे का कहना है कि निर्माण कार्य शासन से स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। अत्यधिक वर्षा एवं नाले के पानी की समुचित नुकसान निकासी को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन दीवाल को तोड़ा गया, ताकि पड़ोसी किसान की फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। पड़ोसी किसान को लाभ पहुंचाने के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू का कहना है कि जिस भू-भाग को छोड़ा गया है, उस भू-भाग में सभी किसानों के लिए आम रास्ता का निर्माण किया जाएगा। ताकि उस क्षेत्र के किसानों को अपनी कृषि भूमि में आने-जाने में सुविधा हो सके। विपक्ष द्वारा लगाए गए सारे आरोप को नगर पंचायत अध्यक्ष ने निराधार बताया है।

> किसानों को नुकसान से बचाने व पानी बाधित होने से निर्माणाधीन दिवाल को तोड़ा गया है।
>
> सीएमओ

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने विवाद में जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 17 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा हिंसा कारित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत थाना पलारी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम छेरकापुर में आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर लकड़ी के बत्ते से प्राणघातक हमला करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

प्रार्थी वंशराम वर्मा (उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम छेरकापुर) ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 13/08/2026 की रात्रि करीब 09:30 बजे गांव के राम सागर पारा मंदिर चौक के पास गणेश पर्व में मूर्ति बैठाने के संबंध में बैठक चल रही थी। बैठक में जोर-जोर से बात करने की बात को लेकर पास में रहने वाले चित्रकांत वर्मा, लोकेश्वर वर्मा एवं विजय वर्मा एक राय होकर आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे।

# जिले में अपूर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

■ विधानसभा अध्यक्ष ने जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।




**राजनांदगांव 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस का पर्व जिले में अपूर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में राष्ट्रगीत वंदेमातरम्... एवं राष्ट्रगान जन गण मन... का गायन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकडियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों एवं टीम को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव श्री लोकेश कुमार कंवर ने किया। प्रशिक्षु सूबेदार राजनांदगांव सुश्री नेहा मान ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 15 प्लाटून भाग ले रहे हैं। परेड में जीडी 38वीं बटालियन आईटीबीपी राजनांदगांव, 8वीं वाहिनी राजनांदगांव, जिला बल पुरूष, पीटीएस बल पुरूष, जिला बल महिला, नगर सेना महिला, पीटीएस महिला बल, एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, नेवल विंग एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका कमला कालेज, एनसीसी बालक स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालक जूनियर नेवल डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, स्काउट-गाईड बालिका महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिका निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियर छत्तीसगढ़..., रॉयल किड्स कान्वेन्ट के विद्यार्थियों ने तेरा हिमालय..., युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हमारा विकसित भारत..., संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत देश..., पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मिट्टी के बेटे...देशभक्ति पूर्ण गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पहले विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन किया। समारोह में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री प्रतिमा चंद्राकर, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, श्री खूबचंद पारख, श्री संतोष अग्रवाल, श्री भरत वर्मा, श्री रमेश पटेल, पद्मश्री पुखराज बाफना, आईजी श्री अजय कुमार यादव, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर निगम आयुक्त श्री जीआर मरकाम, सीएसपी सुश्री वैशाली जैन, एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री कमल किशोर श्रीवास्तव, श्री लेखा प्रसाद उर्वसा, श्रीमती शीतल दास, श्रीमती स्वाति जैन द्वारा किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत पर आधारित समूह नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन किया। जिसमें पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिका निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा हरियर छत्तीसगढ़... गीत पर आधारित नृत्य समूह को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा मिट्टी के बेटे... गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा हमारा विकसित भारत...गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकडियों ने हिस्सा लिया। आर्म्स प्लाटून वर्ग में 38वीं बटालियन आईटीबीपी की टोली को प्रथम एवं जिला पुलिस बल पुरूष के दल को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। अनार्म्स प्लाटून वर्ग में एनसीसी बालक सिनियर दिग्विजय महाविद्यालय को प्रथम एवं एनसीसी बालक सिनियर दिग्विजय महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में एनसीसी बालिका दिग्विजय महाविद्यालय को प्रथम एवं एनसीसी बालिका कमला कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में एनसीसी बालक स्टेट हाई स्कूल को प्रथम एवं एनसीसी नेवल डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# आयुक्त जी.आर. मरकाम ने किया मोहारा फिल्टर प्लांट में ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के 80वीं वर्षगाठ के अवसर पर मोहारा फिल्टर प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने ध्वजा रोहण किया। ध्वजा रोहण उपरांत राष्ट्रगान एवं राष्ट्र गीत के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों ने ध्वज को सलामी दी।

स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये आयुक्त श्री मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता का मूल अर्थ अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझना एवं उसके आधार पर अपने समाज व देश के लिये कार्य करना है, तभी आजादी की सार्थकता होगी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी अपने दायित्वों को समझकर अपने अपने कर्तव्यों का इमानदारी से निर्वाहन करे तथा नागरिकों की समस्या का हर संभव निराकरण करे।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, सहायक अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू,, उप अभियंता श्रीमती पिंकी खाती, श्री अनूप पाण्डे, श्री तिकल राज ध्रुव व श्री युवराज कोमरे सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं छाया बाई पति रवि कुमार चंद्रवंशी निवासी ग्राम पिपरिया पोष्ट-मुरमुंदा थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे राजस्व अभिलेख में नाम संगीता SANGEETA पिता मिलाप MILAP अंकित हैं एवं मैं अपने विवाह उपरांत अपना नया नाम परिवर्तन कर मेरा नाम छाया बाई पति रवि कुमार चंद्रवंशी CHHAYA BAI W/O RAVI KUMAR CHANDRAVANSHI के नाम से जाना एवं पहचाना जावे । सूचना जाने।

**भवदीय**
**(छाया बाई)**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**रा.प्र.क्र. 202608095300005-अ/6 (अ)-वर्ष 2025-26**

### ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय सेन पिता सुखचरण सेन जाति नाई निवासी अटल आवास आशा नगर योगेश मेडिकल के सामने दुर्ग द्वारा कृषक ग्राम चैतुखपरी पटवारी हल्का नं. 06 में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 37/3, 96/2, 119/6, 269/3, 475/4 रकबा 0.218, 0.352, 0.109, 0.340, 0.478 हेक्टेयर कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.497 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात नाम पर दर्ज है। आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में चुम्मन कुमार पिता सुखचरण दर्ज है। आवेदक का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में अजय सेन पिता सुखचरण दर्ज है। आवेदक द्वारा राष्ट्रीय समाचार पत्र गजट में आवेदक अपना नाम चुम्मन कुमार पिता सुखचरण के स्थान पर अजय सेन पिता सुखचरण प्रकाशन कराया गया है। ग्राम चैतुखपरी पटवारी हल्का नं. 06 में स्थित कृषि भूमि खसरा नं0 37/3, 96/2, 119/6, 269/3, 475/4 रकबा 0.218, 0.352, 0.109, 0.340, 0.478 हेक्टेयर कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.497 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में चुम्मन कुमार पिता सुखचरण के स्थान पर अजय सेन पिता सुखचरण रिकार्ड दुरूस्त करने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 21.08.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार डोगरगढ़**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

## एक नजर

### झूलेलाल चौक नहरपारा में सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने फहराया तिरंगा

**रायपुर, 17 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झूलेलाल चौक नहरपारा में नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने देश की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि झूलेलाल चौक के सौंदर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलती है तो वे इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद अवतार बगल के साथ मिलकर अपनी पार्षद निधि से चौक का सौंदर्यीकरण कराने का प्रयास करेंगे। पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने नहरपारा में डामरीकरण कार्य के लिए सभापति सूर्यकांत राठौड़ और पार्षद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखने पर कई बार आठ दिनों के भीतर जवाब प्राप्त हो जाता है। उन्होंने इसी तरह की जवाबदेही और त्वरित कार्यप्रणाली जोन क्रमांक-2 में भी लागू किए जाने की मांग रखी। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद सुरेंद्र छाबड़ा और रज्जन श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर भावेश पिथलिया, मुखी हरनाम तलरेजा, अमर वलेचा, नत्थू धनवानी, नंदलाल छाबड़ा, आसनदास पिदवानी, नंदलाल खिलनानी, अनिल गंगवानी, महेश आहूजा, दरयानामल, जयराम बठेजा, विजय मथानी, हेमनदास पोपटानी, राजू खिलनानी, मनोज पंजवानी, वजीर मोटवानी, मनीष टांक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### फाफाडीह बाल उद्यान में विधायक निधि से 5 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित शेड का लोकार्पण

**रायपुर,17 अगस्त।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रमण मन्दिर वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत स्टेट बैंक कॉलोनी फाफाडीह बाल उद्यान परिसर में विधायक निधि से 5 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से नवनिर्मित शेड का फीता काटकर लोकार्पण नगर निगम रायपुर के सभापति एवं रमण मन्दिर वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम वित्त विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, सहित स्टेट बैंक कॉलोनी फाफाडीह के पदाधिकारियों, रहवासियों सहित नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर की उपस्थिति में करते हुए नगरवासियों को शानदार सौगात दी. रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगरवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दीं.

### रायपुर में अलग-अलग मामलों में बैंक धोखाधड़ी, मोबाइल लूट, वाहन चोरी और शराब जब्ती की कार्रवाई

**रायपुर, 17 अगस्त।** राजधानी रायपुर में पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में धोखाधड़ी, लूट, वाहन चोरी और अवैध शराब के मामलों में कार्रवाई की है। गांज थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक के एक खाताधारक के खाते से करीब 14.97 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। वहीं पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन चालक द्वारा महिला का बैग ले जाने, खमतराई में एक्टिवा चोरी और अवैध शराब रखने के मामले दर्ज किए गए हैं।

गांज थाना में दर्ज अपराध के अनुसार, एक्सिस बैंक शाखा देवेंद्र नगर, जेल रोड में उपप्रबंधक के पद पर कार्यरत आरोपी ने कथित तौर पर खाताधारक सुषमा कुमार के खाते में दर्ज मोबाइल नंबर को बदलने के लिए फर्जी कस्टमर रिक्वेस्ट फॉर्म का इस्तेमाल किया। इसके बाद खाते से 14,97,451 रुपये आरोपी योगेश येडे के खाते में ट्रांसफर किए जाने का आरोप है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छायाचित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

- स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा से विकसित छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर तक को एक मंच पर समेट रही प्रदर्शनी
- 'वंदे मातरम रायपुर की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, सेनानियों के योगदान और सुशासन की उपलब्धियों का प्रदर्शन
- 21 अगस्त तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी



**रायपुर, 17 अगस्त ।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के योगदान, अमर सेनानियों के शौर्य एवं बलिदान, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा राज्य की सुशासन और विकास यात्रा को प्रदर्शनी में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में बी.पी. पुजारी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, राजातालाब रायपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षिकाओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थी मानवी साहू, पलक साहू, योगिता विश्वकर्मा, आनंदित बोस और युगती सोनकर शिक्षिका अनवरी जावेद शेख एवं सुनील महर के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे। विद्यार्थियों ने विभिन्न छायाचित्रों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और प्रदर्शित सामग्री को उत्सुकता के साथ देखा तथा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर केंद्रित खंड है। इसमें 'वंदे मातरम्' की रचना से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रजागरण के प्रेरणादायी स्वर के रूप में इसकी भूमिका को ऐतिहासिक संदर्भों और छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

प्रदर्शन के माध्यम से नई पीढ़ी को यह समझने का अवसर मिल रहा है कि स्वतंत्रता केवल संघर्ष और बलिदान का परिणाम नहीं, बल्कि देशवासियों की एकजुटता, राष्ट्रप्रेम और दृढ़ संकल्प की भी गौरवगाथा है।

प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जननायकों और अमर बलिदानियों के योगदान से जुड़े दुर्लभ छायाचित्र, दस्तावेज और ऐतिहासिक प्रसंग प्रदर्शित किए गए हैं। महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास तथा प्रदेश में हुए सामाजिक और राष्ट्रीय आंदोलनों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंग भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं।

विभागीय अधिकारियों ने विद्यार्थियों को छायाचित्रों और ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण से अवगत कराया।

प्रदर्शनी में राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं और आम नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। महिलाओं, किसानों, युवाओं, श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से विकास और सशक्तिकरण की तस्वीर प्रस्तुत की गई है।

महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पहलों की जानकारी भी प्रदर्शनी में दी गई है। विद्यार्थियों ने इन योजनाओं के बारे में भी विशेष रुचि दिखाई।

प्रदर्शनी में डिजिटल पंजीयन, सुशासन तिहार, हरित छत्तीसगढ़, शिक्षा एवं अधोसंरचना विस्तार सहित राज्य की विकास यात्रा को भी छायाचित्रों और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। बेहतर सड़क एवं रेल संपर्क, औद्योगिक अधोसंरचना, निवेश और रोजगार के नए अवसरों की झलक भी यहां देखने को मिल रही है।

प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीक और छत्तीसगढ़ की विरासत का अनूठा संगम भी देखने को मिल रहा है। एआई आधारित विशेष पहल के माध्यम से आगंतुक प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की पृष्ठभूमि के साथ अपनी डिजिटल तस्वीर तैयार करा सकते हैं। बच्चों और युवाओं में इस पहल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इसके अलावा राज्य की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में आयोजित यह सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी 15 से 21 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 8 बजे तक आम नागरिकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास एवं वर्तमान विकास से परिचित कराने वाला अनुभव बताया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मजबूत और एकजुट भारत के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर: शर्मा



**रायपुर,17 अगस्त ।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने देश के विभाजन की पीड़ा को स्मरण करते हुए युवाओं से इतिहास से सीख लेकर भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल अतीत को याद करने का नहीं, बल्कि एक मजबूत और एकजुट भारत के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश का विभाजन राजनीतिक परिस्थितियों का परिणाम था, जिसकी कीमत करोड़ों लोगों ने विस्थापन, पीड़ा और संघर्ष के रूप में चुकाई। इसलिए नई पीढ़ी को इतिहास की सच्चाइयों को समझना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हालात दोबारा न बनें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के सैनिकों ने देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका साहस और राष्ट्रसेवा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर से छत्तीसगढ़ पुलिस के साइबर जागृति अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सुरक्षा को जन-अभियान का स्वरूप देना है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे साइबर जागृतिअभियान से जुड़ें, अभियान की सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करें और अधिक से अधिक लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि एक सेल्फी केवल तस्वीर नहीं, बल्कि साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता का संदेश है। जब अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान में शामिल होंगे, तो समाज में डिजिटल सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित होगी।

वन एवं बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व का स्मरण कराता है। इतिहास की त्रासदियों से सीख लेकर हमें देश की एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत करना होगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज सशस्त्र माओवाद के अंत की दिशा में निर्णायक दौर से गुजर रहा है। सरकार, सुरक्षा बलों और जनता के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में शांति और विकास का वातावरण मजबूत हुआ है। बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में शांति स्थापित कर विकास की मुख्यधारा को और गति देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता, डीएफओ सागर जाधव, उपनिदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ पुलिस ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे साइबर जागृति अभियान से जुड़कर जागरूक बनें, सुरक्षित रहें और साइबर अपराध के खिलाफइस जन-जागरण अभियान को सफल बनाएं।

# सत्कर्मों से समाज का निर्माण करने वाले होते है अमर : राजस्व मंत्री

**रायपुर,17 अगस्त ।** बिलासपुर जिला स्थित बिल्हा विकासखंड के ग्राम कड़ार में आयोजित भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने डॉ. खूबचंद बघेल और स्वामी आत्मानंद महाराज जैसी महान विभूतियों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में लाखों लोग जन्म लेते हैं, लेकिन अमर वही होते हैं जो अपने सत्कर्मों से समाज का निर्माण करते हैं और इतिहास रचते हैं।

इस अवसर पर मंत्री ने 20 लाख रूपए से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। छत्तीसगढ़ निर्माण की पृष्ठभूमि का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य का सपना देखा गया था, और मार्ग में निरंतर आगे बढ़ने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उस सपने को साकार किया। यदि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ का निर्माण न हुआ होता, तो प्रदेश की स्थिति आज भी वैसी ही बनी रहती। आज सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी और अधोसंरचना के हर क्षेत्र में तेज़ी से काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा और राजस्व का पूरा पैसा अब यहीं के सर्वांगीण विकास में उपयोग हो रहा है।

सामाजिक बदलाव पर प्रकाश डालते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि कभी पूर्णतः कृषि पर आधारित हमारा समाज अब व्यवसाय, व्यापार और नौकरियों के क्षेत्र में भी तेज़ी से आगे बढ़ा है। लोगों के रहन-सहन का स्तर बदला है; जिनके पास कभी साइकिल नहीं थी, वे आज दोपहिया, चारपहिया और हवाई यात्रा तक का आनंद ले रहे हैं। गांव-गांव में महज 5 से 10 किलोमीटर के दायरे में स्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। इस भौतिक प्रगति के साथ हम सभी को सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। आधुनिकता के इस दौर में गांव-घर का पारस्परिक प्रेम और पारिवारिक मर्यादाएं प्रभावित हो रही हैं। प्रगति के साथ-साथ अपनी प्राचीन संस्कृति, परंपरा और संस्कारों को बनाए रखना बेहद अनिवार्य है, क्योंकि संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां आपसी प्रेम, भाईचारा, संवेदनशीलता और एक-दूसरे के दुख-सुख में खड़े रहने की भावना सदैव जीवंत रहे।

वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन से मिल रही काम करने की प्रेरणाःश्री धरमलाल कौशिक कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन और जीवन अनुभवों की महत्ता पर बल दिया। ?उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का जीवन अनुभवों से भरा होता है, जिससे सीखकर, समझकर और पढ़कर संगठन व समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। पृथक छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद से लेकर आज तक प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों तक भौतिक साधनों और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच ने आम नागरिक के जीवन को सुगम बनाया है। बिल्हा विकासखंड के ग्राम कड़ार में आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के क्रेडा के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी,सरपंच ब्रजेश दुबे,जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## छात्रहित में लिया गया फैसलाः मंत्री टंक राम
### छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में बढ़ा दाखिले का दायरा

**रायपुर,17 अगस्त ।** उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का मूल ध्येय प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचाना है। दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के कई मेधावी युवा विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण समय पर प्रवेश नहीं ले सके थे। हम नहीं चाहते कि तिथियों के फेर में किसी भी योग्य विद्यार्थी का एक साल खराब हो या वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाए। छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रवेश की तारीख 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करता हूँ कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। राज्य के जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अभी भी सीटें रिक्त हैं, वहाँ छात्र अब 31 अगस्त 2026 तक दाखिला ले सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्राचार्य स्तर पर प्रवेश की समय सीमा 31 जुलाई तक और कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक तय की गई थी। लेकिन अंतिम तिथि बीतने के बाद भी कई महाविद्यालयों में सीटें खाली रह गई थीं और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले कई अभ्यर्थी समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए शासन ने तिथि विस्तार का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

# पेंशनरों के प्रदेशव्यापी आंदोलन का दूसरा चरण 19 अगस्त को

**रायपुर, 17 अगस्त।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा राज्य के लाखों पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत (डीआर) का एरियर सहित भुगतान करने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन का दूसरा चरण 19 अगस्त, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में पेंशनर शांतिपूर्ण प्रदर्शन और नारेबाजी कर अपनी मांग शासन तक पहुंचाएंगे तथा दोपहर 12 बजे संबंधित संभागीय आयुक्तों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पेंशनरों की इस मांग को लेकर महासंघ लगातार राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कर रहा है। महासंघ का कहना है कि जनवरी 2026 से केंद्र सरकार के समान देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ राज्य के पेंशनरों को भी तत्काल एरियर सहित दिया जाना चाहिए। आंदोलन के प्रथम चरण में 5 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में जिला इकाइयों द्वारा कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है। दूसरे चरण में 19 अगस्त को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों में पेंशनर महासंघ के बैनर तले निर्धारित स्थानों पर एकत्र होंगे। रायपुर में संभागीय अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, दुर्ग में बी.एल. गजपाल, बिलासपुर में राजेंद्र कश्यप, अंबिकापुर में गुरुचरण सिंह तथा जगदलपुर में रामनारायण ताटी के नेतृत्व में संभागीय आयुक्तों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा

### विकसित भारत का निर्माण नई पीढ़ी के लिए हो रहा है:बजाज

**रायपुर, 17 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल अभनपुर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान एवं शान है, इसकी रक्षा व सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान की बदौलत ही देश को आज़ादी मिली है, इस आज़ादी को अक्षुण्ण रखना हम सब की जिम्मेदारी हैं। हमें संयमित व अनुशासित होकर देश की एकता और अखंडता को कायम रखना है। आज अनेक आसुरी शक्तियां नई पीढ़ी को दिग्भ्रमित करने में लगीं है। हम भीड़ का हिस्सा ना बने, अपने अंदर भीड़ को नियंत्रित की शक्ति पैदा करें। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहे है।श्री बजाज ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण नई पीढ़ी के लिए हो रहा है। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किया प्रदान किया श्री बजाज ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया।

# तिरंगा शक्ति फेस्ट-2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले संपन्न

**रायपुर,17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कला केंद्र रायपुर, नगर पालिक निगम रायपुर एवं जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तिरंगा शक्ति फेस्ट 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले विगत 14 अगस्त की संध्या शहीद स्मारक भवन रायपुर में उत्साह, उमंग और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

कला, संस्कृति, देशभक्ति और बाल प्रतिभाओं को समर्पित इस आयोजन में जिले भर से चयनित 31 प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों, उत्साह और देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।

तिरंगा शक्ति फेस्ट का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में विगत दिनांक 10 एवं 11 अगस्त को टाउन हॉल, घड़ी चौक, रायपुर में सुबह से शाम तक ऑडिशन राउंड आयोजित हुआ। इसमें जिलेभर से कुल 194 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य, इंस्ट्रूमेंटल, गिटार, तबला, हार्मोनियम सहित विभिन्न कला विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभा, प्रस्तुति कौशल एवं कला के आधार पर 31 उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए किया गया।

विगत दिनांक 14 अगस्त को आयोजित ग्रैंड फिनाले में इन सभी चयनित प्रतिभाओं ने मंच पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों में प्रतिभा के साथ-साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता और देशप्रेम की भावना भी देखने को मिली।



ग्रैंड फिनाले को और अधिक विशेष एवं यादगार बनाने के लिए अनेक आकर्षक विशेष प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। प्रसिद्ध कलाकार अरुणिमा शर्मा ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत चनाके डार राजा की मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और संगीत से सजी इस प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। वहीं डॉ. मिताली ने अपनी अनूठी पपेट एवं कार्टून वॉइस प्रस्तुति से बच्चों एवं दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार में खूब तालियां गूंजीं। प्रोजेक्ट दिव्यधुन' के दिव्यांग बच्चों के बैंड ने जीता दिल कार्यक्रम का एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी क्षण रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल प्रोजेक्ट दिव्यधुन के अंतर्गत तैयार किए गए दिव्यांग बच्चों के विशेष बैंड की प्रस्तुति रही। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों को प्राथमिकता देते हुए तैयार किए गए इस विशेष बैंड ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण ने उपस्थित दर्शकों को भावुक और गौरवान्वित कर दिया।

इस प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती और अवसर मिलने पर हर बच्चा अपनी पहचान बना सकता है। कार्यक्रम में टीम प्रहरी द्वारा महिला आत्मरक्षा की थीम पर विशेष प्रस्तुति दी गई। साहस, आत्मविश्वास और नारी सशक्तिकरण पर आधारित महिला आत्मरक्षा शिविर अपराजिता की इस मनमोहक प्रस्तुति ने महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया।

प्रस्तुति ने दर्शकों में ऊर्जा का संचार करने के साथ यह संदेश भी दिया कि सशक्त महिला ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है।

महापौर मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकान्त राठौड़ और जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने किया प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन तिरंगा शक्ति फेस्ट 2026 कार्यक्रम में राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे एवं नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह सहित नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन एवं नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, नगर पालिक निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी सहित राजधानी शहर के अन्य गणमान्य अतिथिगणों की उपस्थिति रही।

अतिथियों ने सभी चयनित प्रतिभागियों एवं विशेष प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी कला, प्रतिभा और प्रयासों की सराहना की।

महापौर मीनल चौबे ने मोर रायपुर मोर जिम्मेदारी अंतर्गत सामूहिक नागरिक शपथ दिलवाई, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, पेयजल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के परित्याग की नगरवासियों ने ली शपथ तिरंगा शक्ति फेस्ट 2026 में महापौर मीनल चौबे ने मोर रायपुर मोर जिम्मेदारी अंतर्गत सामूहिक शपथ दिलवाई. सभी उपस्थित नगरवासियों ने स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, पेयजल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का परित्याग करने की सामूहिक नागरिक शपथ ली। तिरंगा शक्ति फेस्ट 2026 का उद्देश्य जिले के बच्चों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा और कला प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना तथा स्वतंत्रता दिवस की भावना को कला एवं संस्कृति के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना रहा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26